RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# दैनिक नवयत्न

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 01 | सीकर, बुधवार 25 फरवरी 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


## फाल्गुनी लक्खी मेला

# 'बाबा श्याम हमारा...' जयकारों की खाटू में गूंज



## मेरठ, बंगाल और सूरत से आए फुलों से हुआ बाबा का श्रृंगार

प्रदीप सैनी

**खाटूश्यामजी (नवयत्न)।** विश्व प्रसिद्ध खाटूश्याम मंदिर में चल रहे बाबा श्याम के फाल्गुनी लक्खी मेले के चौथे दिन मंगलवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार मेरठ, बंगाल और सूरत से आए देशी और ग्राफ्टेड गुलाबों से किया गया। 21 फरवरी से शुरू हुआ फाल्गुनी मेला 28 फरवरी तक चलेगा।

### बाबा श्याम की गूंज

अब मेले का रंग पूरी तरह जमने लगा है और चारों ओर हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा के जयकारों से वातावरण गूंज रहा है। रींगस, मंढा और पचार की ओर से आने वाले मार्गों पर निशान पदयात्रियों के जत्थे बड़ी संख्या में खाटू की ओर बढ़ रहे हैं। हर उम्र के श्रद्धालु नाचते-गाते, हाथों में पीले निशान थामे, भजनों की धुन पर झूमते नजर आ रहे हैं।

### फुलों से मनमोहक श्रृंगार

मेले के चौथे दिन बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार मेरठ, बंगाल और सूरत से आए देशी और ग्राफ्टेड गुलाबों से किया गया। सफेद वस्त्र पर नीले फुलों की कढ़ाई वाला बागा धारण कराए गए श्याम बाबा का दिव्य स्वरूप श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहा है। मंदिर परिसर को लाल, पीले और सफेद कपड़ों से सजाया गया है, जिन पर लटकती घंटियां हवा के संग मधुर संगीत बिखेर रही हैं। थर्माकोल शीट पर गोल्डन गढ़ाई कर आकर्षक सजावट की गई है।

### पदयात्रियों का उत्साह चरम पर

रींगस से खाटू तक बड़ी संख्या में श्याम भक्त नंगे पांव पदयात्रा करते हुए आगे बढ़ रहे हैं। रास्ते में जगह-जगह भंडारे और सेवा शिविर लगे हैं, जहां श्रद्धालुओं की सेवा की जा रही है। प्राइवेट बसों की हड़ताल के कारण लौटने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा जरूर हो रही है, लेकिन भक्ति और उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही।

### दर्शन में सहजता, भीड़ नियंत्रित

अभी भीड़ अपेक्षाकृत कम होने के कारण जिगजैग बैरिकेडिंग नहीं खोली गई है और श्रद्धालुओं को आधे घंटे से भी कम समय में दर्शन हो रहे हैं। मंगलवार होने के कारण मिडवीक में भीड़ सामान्य रही। जैसे-जैसे रात ढलेगी, खाटू में मेले की रंगत और गहरी होती जाएगी। भजनों पर झूमते भक्तों के साथ फाल्गुनी लक्खी मेला आस्था, उत्साह और परंपरा का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहा है।

## सीकर बाल कल्याण समिति की न्यायपीठ खाटू में बैठेगी

सीकर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अंकुर बहड़ ने बताया कि खाटूश्यामजी मेले में नवाचार किया गया है। समिति की एक न्यायपीठ खाटू में ही बैठेगी, इससे गुमशुदा बच्चों की पेरेंटिंग तत्काल तय करके श्रद्धालुओं को सुविधा दिलाई जाएगी। गौरतलब है कि पहले गुमशुदा बच्चे मिलने पर उन्हें सीकर बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर बाल गृह में सुधार रखा जाता था, फिर पेरेंट्स का पता चलने पर उन्हें सुपुर्द किया जाता था, इस प्रक्रिया में 3 दिन तक का समय लग जाता था। ऐसे में अब श्रद्धालुओं को खाटू में ही राहत मिल रही है।

### रेवाड़ी-सीकर ट्रेन का ढेहर का बालाजी तक विस्तार

खाटूश्याम मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेवाड़ी-सीकर-रेवाड़ी रोजाना संचालित होने वाली रेल सेवा का विस्तार अब ढेहर का बालाजी स्टेशन तक किया जा रहा है। इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को मेले तक पहुंचने में अधिक सुविधा मिलेगी।

### 25 फरवरी से 1 मार्च तक लगाएगी 5 ट्रिप

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने जानकारी देते हुए बताया कि गाड़ी संख्या 54804, रेवाड़ी-ढेहर का बालाजी रेल सेवा 24 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक कुल 5 ट्रिप संचालित की जाएगी। यह ट्रेन प्रतिदिन रेवाड़ी से 15:10 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 20:50 बजे पहुंचेगी और 21:00 बजे प्रस्थान कर 23:05 बजे ढेहर का बालाजी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 54803, ढेहर का बालाजी-रेवाड़ी रेल सेवा 25 फरवरी 2026 से 1 मार्च 2026 तक 5 ट्रिप संचालित की जाएगी। यह ट्रेन ढेहर का बालाजी से प्रतिदिन 04:35 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 06:40 बजे पहुंचेगी तथा 07:25 बजे प्रस्थान कर 12:30 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी।

### खाटूश्याम जाने वाले श्रद्धालुओं को फायदा

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, खाटूश्याम मेले के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु राजस्थान पहुंचते हैं। ऐसे में रेल सेवा के विस्तार से यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा और भीड़ प्रबंधन में भी सहायता मिलेगी। इस विशेष रेल सेवा से हरियाणा और राजस्थान के श्रद्धालुओं को मेले में पहुंचने के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी।



## ढूकिया हॉस्पिटल में मा योजना के तहत नि:शुल्क हुआ घुटना प्रत्यारोपण



संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** राज्य सरकार की मा योजना सहित विभिन्न केसलेश योजनाओं से एनपेनल्ड जिला मुख्यालय के मंडावा रोड स्थित ढूकिया हॉस्पिटल में हनुमानपुरा निवासी कस्तूरी देवी का मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत नि:शुल्क कैसलेश ऑपरेशन घुटना प्रत्यारोपण किया गया। ढूकिया हॉस्पिटल के जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ रामनिवास स्वर्णकार की टीम ने कस्तूरी देवी के सफल घुटना प्रत्यारोपण कर दर्द भरी जिंदगी में खुशियों की चहल कदमी करवा दी। कस्तूरी देवी ने ऑपरेशन के बाद टहलते हुए खुशी से बोली मेरो ऑपरेशन जोरको बढ़िया होग्यो, कोई पीसा कोनी लगया और भी कोई क दर्द है तो ऑपरेशन करालो। ढूकिया हॉस्पिटल की डॉ. मोनिका ढूकिया ने बताया कि अस्पताल में मा योजना के साथ ही आरजीएचएस, ईसीएचएस, ईएसआईसी के कैशलेश ईलाज की सुविधा सभी ब्रांच में उपलब्ध हैं। अस्पताल में न्यूरो विशेषज्ञ, यूरो विशेषज्ञ, ऑर्थो स्पेशलिस्ट, लेप्रोस्कोपिक सर्जन, एमडी मेडिसीन सहित सभी ब्रांच में 24 गुणा 7 सेवाएं उपलब्ध हैं साथ ही इन हाउस सीटी स्कैन और सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध है।

## पन्द्रह हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की टीम ने अलवर में कार्रवाई करते हुए पटवारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी चौकी अलवर प्रथम की टीम ने पटवार हल्का खोहरी तहसील बानसूर जिला कोटपूतली-बहरोड़ में कार्यरत पटवारी अतुल कुमार यादव को पन्द्रह हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा। एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी अलवर को एक शिकायत मिली थी। शिकायत में परिवादी ने बताया कि उसने अपने और अपनी भाभी के नाम से ग्राम खोहरी तहसील बानसूर में करीब साढ़े पांच बीघा जमीन 22 जनवरी 2026 को खरीदी थी और उसी दिन तहसीलदार कार्यालय बानसूर में उसकी रजिस्ट्री भी करवाई थी। आरोप है कि खरीदी गई जमीन का इंतकाल खोलने और रहन का राजस्व रिकॉर्ड से अंकन हटाने के बदले हल्का पटवारी अतुल कुमार यादव ने परिवादी से पन्द्रह हजार रुपये रिश्वत की मांग की और उसे परेशान किया। शिकायत के सत्यापन के दौरान 6 फरवरी 2026 को भी आरोपी द्वारा रिश्वत मांगना पाया गया। इसके बाद एसीबी चौकी अलवर प्रथम ने कार्रवाई की योजना बनाई। अलवर चौकी प्रभारी उप अधीक्षक पुलिस शब्बीर खान के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। टीम ने आरोपी पटवारी को परिवादी से पन्द्रह हजार रुपये लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## केरल का नाम अब केरलम, कैबिनेट की मंजूरी

### सेवातीर्थ में पहली मीटिंग; रेल-मेट्रो और एयरपोर्ट प्रोजेक्ट्स के लिए 12,236 करोड़ मंजूर

नई दिल्ली।



पीएम नरेंद्र मोदी के नए ऑफिस सेवा तीर्थ में मंगलवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की पहली बैठक हुई। इसमें कुल 12,236 करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट ने मध्य प्रदेश, बिहार और झारखंड में तीन रेल प्रोजेक्ट समेत कुल 8 फैसले लिए हैं।

बैठक में पावर सेक्टर में सुधारों पर पॉलिसी से जुड़े फैसले हुए और केरल सरकार के राज्य का नाम बदलकर केरलम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। केरल में अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव हो सकते हैं। कैबिनेट ने तीन नए रेल प्रोजेक्ट के तहत गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के डबलिंग, गम्हरिया-चांडिल और पुनारख-किऊल के बीच तीसरी-चौथी रेल लाइन को मंजूरी दी है। साथ ही श्रीनगर में एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल बनेगा और अहमदाबाद मेट्रो के फेज 2बी का एक्सटेंशन होगा।

### प्रस्ताव केरल विधानसभा को भेजा जाएगा

कैबिनेट से मंजूरी के बाद अब राष्ट्रपति 'केरल (नाम में बदलाव) बिल, 2026' को संविधान के अनुच्छेद 3 के तहत केरल विधानसभा की राय के लिए भेजेंगे। विधानसभा की राय मिलने के बाद, सरकार संसद में बिल पेश करेगी। संसद से पास होने पर राज्य का नाम आधिकारिक रूप से केरलम हो जाएगा। केरल विधानसभा से 24 जून 2024 को प्रस्ताव पास हुआ था। इस प्रस्ताव के मुताबिक केरल का असल में मलयाली भाषा में नाम केरलम है। हिंदी और दूसरी भाषाओं में इसे केरल कहा जाता है। नाम बदलने का उद्देश्य केरल राज्य की पहचान, भाषा, संस्कृति और विकास को बढ़ावा देना है।

### शशि थरूर बोले- इंग्लिश में केरलवासियों को क्या कहेंगे

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ङ्ग पर लिखा कि नाम बदलना ठीक है, लेकिन अंग्रेजी बोलने वालों के लिए एक छोटा सा भाषाई सवाल है। उन्होंने पूछा कि केरलाइट और केरलन शब्दों का क्या होगा। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि केरलमाइट किसी सूक्ष्म जीव जैसा लगता है और केरलमियन किसी खनिज जैसा। उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय को टैग करते हुए सुझाव दिया कि नए शब्द के लिए प्रतियोगिता कराई जा सकती है।

### पहले 2 राज्यों का नाम बदला था

उत्तरांचल बना उत्तराखंड: 2007 में केंद्र सरकार ने उत्तरांचल का नाम उत्तराखंड करने के लिए एक बिल संसद में पारित किया।

## एक लाख की रिश्वत लेते बीडीओ गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी ने कार्रवाई करते हुए सवाई माधोपुर के ब्लॉक विकास अधिकारी बीडीओ को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। एसीबी जयपुर नगर-प्रथम इकाई की टीम ने पंचायत समिति सवाई माधोपुर के बीडीओ तथा अतिरिक्त प्रभार जिला परियोजना प्रबंधक जगदीश प्रसाद मीणा को ट्रैप कार्रवाई में पकड़ा। एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता ने बताया कि एसीबी जयपुर नगर-प्रथम को शिकायत मिली थी कि आरोपी अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा परिवादी और उसके दो साथियों को उनकी बीपीएम की नौकरी से कार्यमुक्त नहीं करने तथा लंबित यात्रा भत्ता व अन्य बिल पास करने की एवज में एक-एक लाख रुपये रिश्वत की मांग कर रहा था। आरोपी ने दोनों साथियों की रिश्वत राशि भी परिवादी से ही एकत्र कर लाने का दबाव बनाया। शिकायत का सत्यापन कराया गया। जिसमें रिश्वत मांगने की पुष्टि हुई। इसके बाद एसीबी जयपुर नगर-प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र के नेतृत्व में टीम गठित कर ट्रैप कार्रवाई की गई। टीम ने आरोपी जगदीश प्रसाद मीणा को परिवादी से एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।



## गीतांजलि समूह द्वारा 1 मार्च को फागोत्सव में होगा रंग, गुलाल और लोकसंगीत का संगम

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** रंगों के पर्व होली के उपलक्ष्य में गीतांजलि समूह द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी फागोत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम रविवार 1 मार्च को हमीरी खुर्द स्थित गीतांजलि फार्म हाउस में सांय 7 बजे शुरू होगा। फागोत्सव में पारंपरिक होली के रंग, गुलाल और धमाल के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुतियां होंगी। इस अवसर पर जयपुर से आने वाली रूप सिंह शेखावत एंड पार्टी लोकगीतों और होली के पारंपरिक फाग गीतों के माध्यम से उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध करेगी। कार्यक्रम के आयोजक गीतांजलि ज्वैलर्स एवं पंचनिधि आयुर्वेद एवं पंचकर्म सेंटर के मुखिया शिवकरण जानू ने बताया कि फागोत्सव का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का सम्मान भी किया जाएगा, जिसमें झुंझुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू तथा पूर्व विधायक एवं भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी रहे शुभकरण चौधरी का अभिनंदन किया जाएगा। आयोजकों के अनुसार, फागोत्सव में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में आमजन भाग लेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं और क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का प्रयास : जानू



शिवकरण जानू ने कहा कि होली हिंदू धर्म का प्रमुख पर्व है, जो प्रेम, उल्लास और एकता का संदेश देता है। इस पावन अवसर पर फागोत्सव के माध्यम से समाज में आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। फागोत्सव का उद्देश्य लोगों को एक मंच पर जोड़कर परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाना है।

## कोबरी-सार



## चिकित्सा क्षेत्र में खर्च होंगे 3.85 करोड़ रुपए

निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार की ओर से 3.85 करोड़ रुपए खर्च करने की स्वीकृति जारी कर दी है। खेतड़ी विधानसभा में 7 उपस्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण करवाया जाएगा। चिकित्सा क्षेत्र में एक साथ बड़ा बजट दिए जाने से चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की ओर से विधायक का आभार जताया गया है। विधायक इंजी धर्मपाल गुर्जर ने बताया कि क्षेत्र में चिकित्सा की बेहतर सुविधा मुहैया करवाने को लेकर जब चिकित्सा विभाग से जानकारी जुटाई तो सामने आया कि पिछली कांग्रेस सरकार में केवल घोषणाएं की गई थी, लेकिन आमजन के स्वास्थ्य को लेकर धरातल पर कोई कार्य नहीं किए गए। इस दौरान विभागीय अधिकारियों से मिली रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश उपस्वास्थ्य केंद्र के भवन नहीं होने तथा बजट के अभाव में निर्माण कार्य अधुरा रहने की जानकारी सामने आई। जिसकी रिपोर्ट बनाकर राज्य सरकार के सामने रखकर जल्द भवनों के निर्माण के लिए बजट स्वीकृत करने की मांग की। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से खेतड़ी विधानसभा के 7 उपस्वास्थ्य केंद्रो के लिए प्रति 55 लाख रुपए की लागत से चुली की ढाणी, देवनगर, ढाणी भजनावाली, मेहाड़ा गुर्जरवास, नंगालिया गुर्जरवास, नानूवाली बावड़ी, रोड़ासर भवन के निर्माण का बजट स्वीकृत किया गया है। इसके अलावा राज्य सरकार ने उप जिला अस्पताल के लिए 48 करोड़ रुपए मंजूर कर निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। वहीं शिमला सीएचसी को माडल सीएचसी बनाकर बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। राज्य सरकार ने पहले बजट घोषणा में मेहाड़ा में सीएचसी खोलने की घोषणा की थी, जिसे शुरू करवाया जा चुका है। बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव ने बताया कि सरकार द्वारा एक साथ बड़ी स्वीकृति जारी कर क्षेत्र को खुशहाल बनाने में बेहतर कदम है।

## सांस्कृतिक मण्डल द्वारा राजकीय होलीका दहन 2 मार्च को

निसं

**सीकर ( नवयत्न )।** सांस्कृतिक मण्डल, सीकर द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजकीय होलीका दहन का आयोजन पारंपरिक रीति-रिवाज एवं शुभ मुहूर्त के अनुसार किया जाएगा। संयुक्त मंत्री जानकीप्रसाद इन्दोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 मार्च, सोमवार को देर रात्रि 1:30 बजे विधिवत मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ राजकीय होलीका दहन सम्पन्न किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को रात्रि 1:00 बजे संस्था का पूजन दल बावड़ी गेट स्थित रघुनाथजी का मंदिर से शाही लवाजमें के साथ रवाना होगा। यह पूजन दल मोचीवाड़ा स्थित ब्यूचानी के पास राजकीय होली खेड़ा पहुंचेगा, जहां वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर होलीका दहन किया जाएगा। मण्डल द्वारा आयोजित इस राजकीय कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रहेंगी। होलीका दहन के इस पावन अवसर पर बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देते हुए नगरवासियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया है।

## कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में 155 आशार्थियों का हुआ प्रारंभिक चयन

निसं

**चूरू( नवयत्न )।** रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान तथा जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय द्वारा मंगलवार को जिला मुख्यालय पर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सवेरे 10 बजे से सायं 3 बजे तक बेरोजगार युवा आशार्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान संयुक्त निदेशक गौरीशंकर नायक, सहायक निदेशक वर्षा जानू, आईटीआई उपनिदेशक नेहा सैनी, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, सहायक निदेशक गौरव, एलडीएम राहुल गोले, सुपरवाइजर कृष्णा, आरएसएलडीसी जिला कौशल समन्वयक विवेक, जितेन्द्र एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। संयुक्त निदेशक गौरीशंकर नायक ने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वरोजगार अपनाने की आह्वान किया। शिविर में शामिल नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों की रिक्तियों के बारे में जानकारी दी गई।

उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने युवा उद्यमिता को बढ़ाने की दिशा में प्रदेश सरकार की डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ऑडीओपी पॉलिसी एवं एमएसएमई पॉलिसी आदि योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि प्लेसमेंट शिविर में सीआईआईए एमसीसीए यूनाईटेड इन्श्योरेन्स, पैसिफिक एनर्जी, पुखराज हेल्थ, एनएसएसएस सिक्योरिटी, प्रथम एजुकेशन, अम्बुजा फाउण्डेशन इत्यादि कम्पनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में लगभग 370 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 155 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला उद्योग केंद्र, अनुजा निगम, राजकीय आईटीआई एवं महिला अधिकारिता विभाग द्वारा स्वरोजगार एवं विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। वक्ताओं ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वरिष्ठ सहायक संजय गोस्वामी, सूचना सहायक मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक मनीषा राठौड़ एवं स्वयंसेवक जितेन्द्र ने सहयोगी भूमिका निभाई। संचालन कनिष्ठ अनुदेशक रवि एवं वरिष्ठ सहायक संदीप न्यौल ने किया।

# फागोत्सव 1 मार्च को, फोल्डर का विमोचन

निसं




**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे की श्री नाथ नगर गौशाला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 1 मार्च को स्वर्गीय करणसिंह विनायक की स्मृति में 1 मार्च को फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर श्री नाथ नगर गौशाला प्रांगण में फोल्डर का विमोचन किया गया जिसमें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल, कार्यकारी अध्यक्ष पवन झेडू, मंत्री गोरखाराम पांडे, शंकरलाल खडोलिया, प्रमोद नाई राजकुमार विनायक, पवन बोथरा, लालचंद पांडे, टोनु पांडे, पूनमचंद गर्ग, सांवरमल सुथार के द्वारा फोल्डर का विमोचन किया गया। जिसमें 1 मार्च को होने वाले फागोत्सव कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार मानशी पंवार की शानदार प्रस्तुति रहेगी। इसके अलावा डेरु नृत्य, चंग नृत्य, गीदड़, राजस्थानी घूमर, धरती धोरा री, कस्बे की बालिकाओं के द्वारा प्रस्तुति, सहित अनेकों बाहर कलाकारों द्वारा एक से एक बढ़कर कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम को लेकर थाना प्रभारी सुरेंद्र बारूपाल ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया एवं गौशाला के पूर्व मंत्री पवन बोथरा ने आयोजन को लेकर उपस्थित जनों को जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम में महिलाओं एवं पुरुषों की अलग-अलग बैठने की व्यवस्था रहेगी। साथ ही बाहर से आने वाले अतिथियों के लिए भी अलग से व्यवस्था रहेगी।

कार्यक्रम में टेंट, माइक, एलईडी आदि की भी व्यवस्थाओं को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर जयप्रकाश पांडे ए सहीराम जाट, पवन शर्मा, ओम पांडे, लक्ष्मी नारायण सहित अन्य गौशाला के सदस्य मौजूद रहे ।

## नाबालिगा की हत्या के विरोध में सौंपा ज्ञापन

निसं



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर सेन समाज के द्वारा मंगलवार सुबह तहसील में बीकानेर जिले के रणजीतपुरा गांव की 13 वर्षीय बालिका की 21 फरवरी को आठवीं बोर्ड की परीक्षा देने घर से निकली और लापता हो गई बाद में उसका शव रोही क्षेत्र में अर्धनग्न अवस्था में मिला। दुष्कर्मियों ने उसकी निर्मम पूर्वक हत्या कर दी। इस घटना क्रम से पूरा मानव समाज व सेन समाज आहत है। इस घटना के विरोध में 3 दिन बीत जाने के बावजूद अपराधी गिरफ्तार नहीं होने के कारण राजलदेसर सेन समाज के लोगों ने अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा फास्ट स्ट्रैक में मुकदमा चलाकर अपराधियों को फांसी की सजा दिलाई जाए। पीड़ित परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जावे तथा डेयरी बुथ आवंटित किया जाए। पीड़ित परिवार को मुआवजे के रूप में मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ रुपए की राशि तत्काल मुहैया कराई जाए। उन्होंने अपराधी गिरफ्तार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

इस मौके पर एडवोकेट रोहित मारू, पारस मारू, लालचंद मारू, राम लीलड़िया, राकेश गोला, प्रमोद नाई, विजेंद्र नाई, पंकज नाई, अमरचंद मारू, कुलदीप, धनेश, वासुदेव, बनवारीलाल, हितेश, गोपालकृष्ण मारू, नारायण मारू, मुकेश, विक्रम, चिराग, पवन, धीरज, सहित सैकड़ों की संख्या में सेन समाज के व्यक्ति मौजूद रहे।

## एसडीएम ने पीएमश्री राउमावि का किया निरीक्षण

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार मंगलवार को चूरू एसडीएम सुनील कुमार ने पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, खण्डवा पट्टा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने मिड-डे-मील का जायजा लेते हुए विद्यार्थियों से भोजन की गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्टाफ सदस्यों को पीएमश्री स्कूलों की रैंकिंग के लिए निर्धारित पैरामीटर पर काम करते हुए अपेक्षित प्रगति लाने की बात कही। उन्होंने कक्षा-कक्षों में जाकर विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें कैरियर मार्गदर्शन प्रदान किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं हेतु शौचालयों, डिजिटल लाइब्रेरी एवं संविधान कक्ष का अवलोकन किया और डिजिटल लाइब्रेरी में आईटी से संबंधित कार्यशालाएं आयोजित करने व आगामी सत्र में नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान श्परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में नरेन्द्र मोदी से संवाद करने वाली छात्रा भूमिका शर्मा को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सांवत राम, नायब तहसीलदार चुन्नीलाल, निजी सहायक सुरेश कुमार, ताराचंद, राजेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, बजरंग लाल एवं अन्य स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

## गौशाला तक ग्रेवल रोड पर डामरीकरण की मांग

निसं



**बुगाला ( नवयत्न )।** बुगाला-भगेरा मुख्य सड़क से गोशाला तक हाल ही में ग्रेवल रोड का निर्माण किया गया है, जिससे ग्रामीणों को अस्थायी रूप से राहत मिली है। ग्रामीणों और गोभक्तों ने इस मार्ग के शीघ्र डामरीकरण की मांग उठाई है। कैप्टन महेश बुगालिया व महेंद्र केडिया ने बताया कि ग्रेवल सड़क बनने से आवागमन तो सुगम हुआ है, लेकिन बरसात के दिनों में कीचड़ और फिसलन की समस्या बनी रहती है। वहीं गर्मी के मौसम में धूल उड़ने से राहगीरों और आसपास के निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गोशाला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु, दानदाता और पशुपालक पहुंचते हैं, जिससे इस मार्ग का महत्व और बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि सड़क का डामरीकरण कर दिया जाए तो आवागमन पूरी तरह सुचारू हो जाएगा और गोशाला तक आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

उन्होंने संबंधित विभाग और विधायक विक्रम सिंह जाखल से शीघ्र डामर सड़क निर्माण कराने की मांग की है।

## जीरो प्लास्टिक वेस्ट अभियान आयोजित

निसं



**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड के बीलवा पंचायत में मंगलवार को जीरो प्लास्टिक वेस्ट अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया गया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लाक समन्वयक रेखा थी, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम विकास अधिकारी राकेश कुमार ने की। कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें सुदेश ने प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभावों, इसके विकल्पों और प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने पर विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीणों ने प्लास्टिक उपयोग कम करने का संकल्प लिया। इसके बाद स्कूली बच्चों ने गांव में जोरदार रैली निकाली। जिसमें नारे लगाते हुए बच्चे सड़कों पर घूमे और श्प्लास्टिक छोड़ो, पर्यावरण बचाओ जैसे संदेश फैलाए। रैली के दौरान इकट्ठा किए गए पुराने कपड़ों से राजीविका की महिलाओं ने हाथ से थैले तैयार किए और इन्हें गांव के दुकानदारों को उपहार में भेंट किया। यह पहल प्लास्टिक बैग के स्थान पर कपड़े के थैलों को बढ़ावा देने में सफल रही। कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने प्लास्टिक प्रदूषण पर आधारित रचनात्मक चित्र बनाए। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। खेतड़ी ब्लॉक समन्वयक रेखा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना की और कहा कि यह अभियान गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में मजबूत शुरुआत है। गांधी फेलो श्रद्धा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कैंपेन ने ग्रामीणों, खासकर महिलाओं और बच्चों में पर्यावरण जागरूकता बढ़ाई है। राजीविका की महिलाओं की रचनात्मक पहल आत्मनिर्भरता और पर्यावरण संरक्षण का बेहतरीन उदाहरण बनी। यह कार्यक्रम बीलवा को पर्यावरण-अनुकूल गांव बनाने की ओर ले जा रहा है और आसपास के गांवों के लिए प्रेरणा स्त्रोत साबित होगा। इस मौके पर अनीता, राकेश कुमार, अनिल कुमार, सहीराम, प्राचार्य चरण सिंह सेरावत, जयवीर सिंह, सुरेंद्र, सुनील, कविता, ममता, सविता, पूनम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## खेतों का सर्वेक्षण बन गया किसानों के लिए बड़ी समस्या

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** क्षेत्र के किसान इन दिनों काफी परेशान हैं। कारण है हाल ही में किया गया सर्वेक्षण दरअसल इस नए सर्वेक्षण में कई खेतों के बीचों बीच से रास्ते निकाल दिए गए, तो कहीं पर सींव बदल दी गई। और तो और पिछली पेमाईश के आधार पर प्रचलित खेतों को अब बदले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे किसानों के दिलो दिमाग में एक ही सवाल है कि क्या सरकार ने पिछली बार जो पैमाईश की थी, वो सही नहीं थी। क्षेत्र के चरला गांव से परेशान कुछ किसान प्रशासक प्रतिनिधि मनसुख गोदारा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर नायब तहसीलदार असलम खान को उपखंड अधिकारी के नाम और उसके बाद तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि भू प्रबंध विभाग राजस्थान द्वारा किए गए नए सर्वेक्षण के अंतर्गत चरला गांव में सेटेलाईट पटवारी पंकज डारा व वर्तमान पटवारी विजेंद्र सिंह द्वारा कृषि भूमियों का सर्वेक्षण किया गया है। वो गलत रूप से सर्वेक्षण किया गया है। जिन ढ़ाणियों में लोग रहते हैं, उनके निवासियों को सर्वेक्षण के बारे में कोई जानकारी भी नहीं दी गई और गलत सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करके आस-पास के पड़ोसियों में फुट डालने का काम किया गया है। छोटे खसरों को मौके से हटाया गया है और जहां पर सदियों से रास्ता नहीं था, वहां रास्ता कायम किया गया है। इसलिए इस सर्वेक्षण की जांच करवाकर वापस सही सर्वेक्षण करवाया जावे। ज्ञापन सौंपने के दौरान मनसुखराम गोदारा, मोडूराम, रामलाल, किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गादेरा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, भगवानाराम, मेघाराम, राधा किसन, हरीराम, पूनमचंद, गणेश, गोपालराम, हरीराम, लिखमाराम, मुनीराम, जयराम टांडी, राजेंद्रसिंह, कालूसिंह, आसाराम, भगवानाराम ढ़िढ़ारिया, भागीरथ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## महावर बने मैन बाजार गींदड़ परिषद के अध्यक्ष



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में सोमवार देर रात्रि को मैन बाजार में 5 दिवसीय गींदड नृत्य को लेकर मैन बाजार गींदड परिषद की बैठक भंवरलाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें पिछले कार्यक्रम का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। मनोज महावर को अध्यक्ष बनाने का प्रस्ताव रखा जिसमें उपस्थित जनों की सहमति से नवनियुक्त अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष के लिए दीनदयाल स्वामी, किशन मारू, विजय कुमार कड़वासरा, श्यामसुंदर पारीक, विमल दुगड़, कोषाध्यक्ष मूलचंद सोनी को नियुक्त किया गया। वहीं संरक्षक भंवरलाल गोला, पवन झेंडू को बनाया गया। 5 दिवसीय गींदड नृत्य को लेकर टेंट, माइक, मिट्टी सहित अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इस मौके पर अनेक संख्या में कस्बेवासी मौजूद रहे।

## नेशनल हाईवे पर ट्रक पलटने से हादसा

निसं



**लाडनूं ( नवयत्न )।** नेशनल हाईवे संख्या-58 पर मंगलवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। हरियाणा से मेड़ता की ओर जा रहा तुड़ी से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक में निर्धारित सीमा से अधिक ऊंचाई तक माल भरा हुआ बताया गया है। हादसा टैगोर स्कूल के पास उस समय हुआ जब वहां स्कूली वाहनों की आवाजाही रहती है। प्रतिदिन इस समय दर्जनों स्कूल बसें, वैन और दोपहिया वाहन यहां से गुजरते हैं। गनीमत रही कि हादसे के वक्त आसपास कोई बड़ा वाहन या स्कूल बस नहीं थी, अन्यथा बड़ा जानलेवा हादसा होने की संभावना बनी थी। हादसे की सूचना मिलते ही निम्बी जोधा थाना पुलिस के हेड कांस्टेबल मूलाराम मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। ट्रक चालक और खलासी को हल्की चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि इस हाईवे पर ओवरलोड वाहनों की आवाजाही लगातार बनी रहती है, जिससे यहां दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। लोगों ने ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जरूरत बताई।

## बैठक : विशाल चेतना सभा व मैराथन दौड़ के बारे में की चर्चा



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** चौधरी गेस्ट हाउस में स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में 1 मार्च को भाजपा जिला महामंत्री पराक्रम राठौड़ के जन्म दिवस पर नई दिशा नशा मुक्त तारानगर कार्यक्रम के तहत कृषि उपज मंडी तारानगर में आयोजित होने वाले विशाल चेतना सभा व मैराथन दौड़ के बारे में चर्चा की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को सभा को सफल बनाने में लिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं, कार्यकर्ताओं व लोगों से जनसम्पर्क करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में भाजपा नगर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, जसवंत स्वामी, अजीत राठौड़, नरेश सहारण, लीलाधर बागोरिया, कृष्ण सहारण, रामावतार सैनी, सुरेश मित्तल, हरि इंदौरिया, मदन नायक, साबिर हुसैन, अशोक जांगिड़, दिनेश शर्मा, बाबूलाल पटीर, सहित पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# खान सुरक्षा निदेशक ने सुरक्षा के बारे में कर्मचारियों को दी जानकारी

निसं



**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी प्रोजेक्ट दो दिवसीय दौरे पर खान सुरक्षा निदेशक (डीएमएस) और अजमेर क्षेत्र-2 के क्षेत्रीय प्रमुख रविंद्र कंडाकटला आए। रविंद्र कंडाकटला केसीसी प्रोजेक्ट की खदान में किए जा रहे कार्य की जानकारी ली। इस दौरान भारत सरकार द्वारा 21 नवंबर 2025 से लागू किए गए 4 श्रम संहिताओं पर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। साथ ही खदान में कार्य करने वाले कर्मचारियों को सुरक्षा के साथ कार्य करने के लिए जागृत किया। केसीसी प्रोजेक्ट के सभागार कक्ष में आयोजित कार्यशाला के दौरान केसीसी कार्यपालक निदेशक जीडी गुप्ता ने रविंद्र कंडाकटला को बुके देकर स्वागत किया। मंगलवार सुबह नौ बजे खेतड़ी खदान सर्विस शाफ्ट परिसर में रविंद्र कंडाकटला ने कर्मचारियों को सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि कार्य करते समय सावधानी बरतनी चाहिए, उत्पादन के साथ-साथ सुरक्षा भी बहुत जरूरी है, अगर सुरक्षित नहीं रहेंगे तो प्रोडक्शन भी नहीं हो पाएगा। प्राधिकरण ने चार श्रम संहिताओं के विभिन्न प्रावधानों का संक्षिप्त विवरण दिया। प्राधिकरण ने नई श्रम संहिताओं में खनन श्रमिकों की सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा के लिए किए गए उन्नत उपायों पर जोर दिया। प्रत्येक श्रम संहिता पर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान पीडी बोहरा ने कार्यशाला के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर मानव संसाधन महाप्रबंधक संजय शिवदर्शी और कंक्रीट महाप्रबंधक वीके इंद्रा, जगदीश सोढा, लोकेश गोयल, भूषण रोजा, एके शर्मा, जितेंद्र कत्याल आदि शामिल थे।

## बाबा श्याम का मंदिर सजा राजहंस की तर्ज पर

### ऑस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय देशों से आएंगे बाबा के पुष्प



निसं

**रींगस (नवयत्न)।** बाबा श्याम का झिलमिलाता रस रसीला फागुनी वार्षिक मेला अब परवान चढ़ चुका है। हजारों की संख्या में बाबा श्याम के दर्शनों के लिए भक्त उमड़े। श्याम भक्त हाथों में निशान लेकर रंग और अबीर उड़ाते हुए रींगस श्याम मंदिर में पहुंचे। जहां लंबे इंतजार के बाद बाबा की एक झलक प्रकार भक्त भाव विभोर हो गए। वहीं श्याम भक्त बाबा के नयनाभिराम अलौकिक श्रृंगार देखकर आनंदित हो गए। मंदिर कमेटी रींगस ने भक्तों के लिए पलक पांवड़े बिछा दिए। बाबा का मंदिर क्षेत्र इस बार ऑस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय फूलों से महकेगा। मंदिर कमेटी की ओर से इस बार विशेष व्यवस्था की गई है। जिसमें नि:शुल्क पार्किंग रोगी उपचार केंद्र, अग्निशमन उपकरण, कंट्रोल रूम, भक्तों के लिए मुख्य मार्गों पर कालीन आदि की व्यवस्थाएं की गई है। मंदिर कमेटी अध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए इस बार बाबा के मंदिर में दक्षिण दिशा में एक ओर निकास द्वार बनाया गया है जिससे भक्तों को आसानी से बाबा के सुगम दर्शन होंगे। वही भक्तों को नियंत्रित करने के लिए 80 गार्ड एवं दर्जनों स्वयंसेवक लगाए गए हैं जो विशेष वर्दी में होंगे। कमेटी की ओर से हर श्रद्धालुओं के लिए मेडिकल कैंप की व्यवस्था की है। आधुनिक नवाचार के तहत 3 से 4 जगह पर भक्तों की यादगार के तौर पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जा रहे हैं जहां खड़े होकर श्याम भक्त अपनी सेल्फी ले सकेंगे। ऑस्ट्रेलिया एवं यूरोपीय देशों से बाबा के लिए हवाई जहाज से विशेष फुल मंगाए गए हैं। जिनसे बाबा के मंदिर के मुख्य द्वार पर राजहंस के तर्ज पर सजाया जाएगा।

#### भक्तों के लिए पहली बार कंट्रोल रूम

श्याम भक्तों को किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाने के लिए इस बार कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसमें भक्तों पर नजर रखी जाएगी तथा उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल मदद की जाएगी। मंदिर क्षेत्र में अनेक जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

#### पेट पलायन आने वाले भक्तों के लिए कालीन

कमेटी की ओर से पेट पलायन आने वाले भक्तों के लिए दोनों प्रमुख रास्तों पर कालीन की व्यवस्था की गई है।

## आज विरोध दिवस मनाएगा भारतीय मजदूर संघ


निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भारतीय मजदूर संघ बीएमएस 25 फरवरी को देशव्यापी विरोध दिवस मनाएगा। पुरी में आयोजित संगठन के 21 वें अखिल भारतीय अधिवेशन में लिए गए निर्णय के अनुसार बीएमएस की सभी इकाइयों जिला मुख्यालयों पर धरना-प्रदर्शन कर केंद्र और राज्य सरकारों से श्रमिकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग करेंगी। बीएमएस के प्रचार मंत्री अक्षय कुमार मीणा ने बताया कि श्रमिक हितों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे समय-समय पर सरकार के सामने रखे गए, लेकिन अब तक अपेक्षित सकारात्मक और ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि देशभर में लाखों मिड-डे मील और आशा कार्यकर्ता बहुत कम मानदेय पर काम कर रही हैं। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को लगभग पाँच दशकों की सेवा के बावजूद योजना कर्मी का दर्जा दिया जा रहा है, जबकि उनसे प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक कार्य लिया जा रहा है और लगातार नई जिम्मेदारियां भी दी जा रही हैं। मीणा ने बताया कि आठ राज्यों में राष्ट्रीय वस्त्र निगम एनटीसी की मिलों के श्रमिकों को महामारी के बाद से केवल 50 प्रतिशत वेतन मिल रहा है और पिछले दस महीनों से वेतन बकाया है। इसी तरह हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन एचईसी के कर्मचारियों को पिछले 32 महीनों से वेतन नहीं मिला है। विद्युत क्षेत्र के कर्मचारी डिस्कॉम के निजीकरण का विरोध कर रहे हैं, जबकि बैंक कर्मचारी पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। इसके अलावा ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1,000 रुपये ही बने रहने से पेंशनभोगियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बीएमएस के अनुसार इन परिस्थितियों को देखते हुए संगठन की इकाइयाँ देशभर में धरना, प्रदर्शन, रैली, गेट मीटिंग और काली पट्टी धारण कर विरोध दर्ज कराएंगी। साथ ही प्रधानमंत्री, केंद्रीय श्रम मंत्री और संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

#### ये हैं प्रमुख मांगें

बीएमएस ने अपनी मांगों में सभी क्षेत्रों में श्रम कानूनों का सख्ती से और सार्वभौमिक पालन सुनिश्चित करने की बात कही है। साथ ही औद्योगिक संबंध संहिता-2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थितियाँ संहिता-2020 में श्रमिकों की चिंताओं का समाधान करने की मांग की गई है। संगठन ने भारतीय श्रम सम्मेलन को जल्द बुलाने, त्रिपक्षीय समितियों का पुनर्गठन करने और उन्हें प्रभावी रूप से संचालित करने की भी मांग की है। इसके अलावा ईपीएस-95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1,000 रुपये से बढ़ाकर 7,500 रुपये प्रतिमाह करने तथा इसे महंगाई राहत और आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने की मांग रखी गई है। बीएमएस ने ईएसआई और ईपीएफकी कवरेज सीमा बढ़ाने, ईएसआईसी की वेतन सीमा 21,000 से बढ़ाकर 42,000 तथा वीजीपीएफकी सीमा 15,000 से बढ़ाकर 30,000 करने की मांग भी की है। साथ ही भुगतान बोनस अधिनियम 1965 के तहत बोनस पात्रता सीमा बढ़ाने, विद्युत क्षेत्र में कर्मचारियों की सेवा शर्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, योजना कर्मियों और संविदा कर्मियों के नियमितीकरण तथा सामान्य भर्ती पर लगे प्रतिबंध हटाकर रोजगार की गारंटी देने की मांग की गई है। संगठन ने केंद्र और राज्य सरकारों से श्रमिक हितों और राष्ट्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए इन लंबित मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है।

## क्षत्रिय विकास संस्थान तारानगर की मासिक बैठक सम्पन्न



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** क्षत्रिय विकास संस्थान तारानगर की मासिक बैठक संस्थान भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षत्रिय विकास संस्थान के भवन निर्माण, समसामयिक विषय व विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में संस्थान अध्यक्ष एडवोकेट गजराज सिंह राजवी, जयमाल सिंह सोनगरा, प्रभुसिंह राठौड़, मोहर सिंह राठौड़, कैप्टन करणी सिंह राठौड़, घनश्याम सिंह राजवी, प्रहलाद सिंह राजवी, एडवोकेट राजेंद्र सिंह न्यांगली, सुरेंद्र सिंह राठौड़, बिशन सिंह, उत्तम सिंह राठौड़, संदीप सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह राजवी, शक्तिसिंह राठौड़, एडवोकेट सूरज सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।

## ताइक्कांडो पुरुष टीम ने किया शानदार प्रदर्शन



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कस्बे की एसबीएन कॉलेज की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर इतिहास रच दिया। एसबीएन कॉलेज श्रीमाधोपुर की ताइक्कांडो पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर टीम चैंपियनशिप पर कब्जा जमा लिया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता महात्मा गांधी पीजी कॉलेज श्रीमाधोपुर के तत्वावधान में आयोजित की गई थी, जहाँ क्षेत्रभर की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। एसबीएन कॉलेज के खिलाड़ियों ने अपने दमदार खेल, अनुशासन और आत्मविश्वास से सभी प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए जीत का परचम लहराया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में अद्भुत कौशल का प्रदर्शन किया। 54 किलोग्राम वर्ग में रौनक यादव ने तेज गति और सटीक प्रहारों से विपक्षियों को मात देते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। 74 किलोग्राम वर्ग में रोशन गुर्जर ने शानदार संघर्ष के बाद सिल्वर मेडल हासिल किया। 63 किलोग्राम वर्ग में बिट्टू गुर्जर ने दमदार खेल दिखाते हुए रजत पदक जीता। 80 किलोग्राम वर्ग में आशीष जाखड़ तथा 68 किलोग्राम वर्ग में लोकेश बिजारणिया ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर सिल्वर मेडल प्राप्त किए। इन सभी खिलाड़ियों के सामूहिक प्रयासों ने टीम को समग्र अंक तालिका में शीर्ष स्थान दिलाया और टीम चैंपियनशिप सुनिश्चित की। जैसे ही विजेता टीम महाविद्यालय परिसर में पहुंची, पूरा कॉलेज उत्सव स्थल में बदल गया। ढोल-नगाड़ों, पुष्पमालाओं और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। छात्रों और शिक्षकों ने विजेताओं पर फूल बरसाकर उनका उत्साहवर्धन किया। हर चेहरे पर गर्व और खुशी झलक रही थी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके जाट, निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल, खेल कोच बनवारी लाल जीतरवाल सहित प्रवीण कुमार शर्मा, श्रवण कुमार महला, जितेंद्र कुमार निठारवाल, ज्योत्सना स्वामी, ओम प्रकाश शर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, राजेंद्र सिंह बिजारणिया, मदन सैनी और जाफरमाल चौधरी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। निदेशक डॉ मुकेश कुमार बल्डवाल ने अपने संबोधन में कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास का आधार है और ताइक्कांडो टीम की यह सफलता पूरे संस्थान के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना से ही ऐसी उपलब्धियाँ प्राप्त होती हैं। खेल कोच ने भी बताया कि खिलाड़ियों ने नियमित अभ्यास और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया है। यह जीत न केवल कॉलेज बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गई है। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक सफलता ने साबित कर दिया कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। महाविद्यालय परिसर जश्न और बधाइयों से गूंजता रहा और हर कोई अपने इन खेल नायकों पर गर्व महसूस कर रहा था।

## लाउड स्पीकर के उपयोग की द्वेष पूर्ण शिकायतकर्ताओं के विरोध में सौंपा ज्ञापन



निसं

**बीदासर (नवयत्न)।** कस्बे के वार्ड नंबर 19 स्थित शिव-शक्ति मंदिर में सुबह-सांय की आरती व भजन कीर्तन धार्मिक कार्यक्रमों में लाउड स्पीकर के उपयोग और कुछ लोगों द्वारा की जा रही द्वेष पूर्ण शिकायतकर्ताओं के विरोध में मोहल्लेवासियों ने मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में पांच दर्जन से अधिक वार्डवासियों ने जमकर विरोध करते हुए उपखंड कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए आक्रोश प्रकट किया तथा उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। विहिप व मोहल्लेवासियों द्वारा दिए गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शिव-शक्ति मंदिर में समय-समय पर सत्संग, भजन-कीर्तन और पूजा-पाठ जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन कार्यक्रमों का आयोजन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 एवं 26 के तहत प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों के अंतर्गत किया जाता है। आयोजकों का कहना है कि वे लाउड स्पीकर का उपयोग केवल सीमित समय के लिए करते हैं और रात्रि 10 बजे के बाद इसका उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहता है। मोहल्लेवासियों ने कहा कि ध्वनि प्रदूषण नियमों का वे पूर्ण पालन करने के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का पालन आवश्यक है लेकिन कानूनी सीमाओं के भीतर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाना अनुचित है। एसडीएम को सौंपे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि केवल एक या दो व्यक्तियों द्वारा द्वेष पूर्ण और दुर्भावनापूर्ण शिकायतें की जा रही हैं जिससे धार्मिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न हो रही है। इस वजह से पुलिस का बार-बार आना और आयोजकों को कार्यक्रम रोकने के लिए बाध्य करने जैसी परिस्थितियों से क्षेत्र में अनावश्यक तनाव और अशांति का वातावरण बन रहा है। वार्डवासियों ने ज्ञापन के माध्यम से निर्धारित समयावधि एवं कानूनी ध्वनि सीमा के भीतर लाउड स्पीकर उपयोग की स्पष्ट अनुमति प्रदान करने, द्वेष पूर्ण शिकायतें करने वालों के विरुद्ध विधि अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, एडवोकेट मनसुख प्रजापत, एडवोकेट महेश छापोला, भंवरसिंह राठौड़, केशर सिंह चौहान, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास माली, जीतू मोयल, सुरेंद्र सिंह, गणपत राम, बाबूलाल, रतनलाल, मंछाराम, सुरेश कुमार, लालाराम सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी व महिलाएं उपस्थित रही।

## अखिल भारतीय किसान सभा ने दिया धरना



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों ने जिला कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। सभा के कार्यकर्ताओं ने किसानों और आमजन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को 24 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि वर्ष 2017 के सभी बकाया क्लेम का भुगतान किया जाए। 765 केवी विद्युत लाइनों के लिए अवाप्त भूमि का बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा दिया जाए। मनरेगा कानून को पुन: बहाल किया जाए तथा नए बिजली कानून पर रोक लगाई जाए। इसके अलावा किसानों से जुड़ी अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। सभा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 13 मार्च को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन के दौरान तहसील अध्यक्ष बेगराज मील, तहसील मंत्री शमशेर खान, दीपाराम, जयपाल भामू, जीवनराम, मुकनराम, नारायणराम, रामलाल, सुल्तान, सलीम खान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## सैन समाज ने सौंपा जिला कलेक्टर को ज्ञापन



निसं

**चूरू (नवयत्न)।** बीकानेर जिले के गांव में आठवीं कक्षा का पेपर देने गई 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण, रेप और निर्मम हत्या की घटना से सैन समाज में काफी आक्रोष व्याप्त हैं। दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर मंगलवार को सैन समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। सैन समाज ने दोषियों को फांसी की सजा देने तथा मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर त्वरित निस्तारण की मांग की है। ज्ञापन में सैन समाज के राजेश रक्षक ने बताया कि यह घटना मानवता को शर्मसार करने वाली है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया हैं लेकिन सैन समाज की मांग हैं कि प्रकरण में शामिल सभी दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन जांच पूरी कर जल्द से जल्द चार्जशीट कोर्ट में पेश करे ताकि पीड़िता को शीघ्र न्याय मिल सके। सैन समाज के लोगों ने पीड़ित परिवार को पांच करोड़ रुपए का उचित मुआवजा देने की मांग भी उठाई।

सैन समाज ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सैन सेवा समिति अध्यक्ष जगदीश अजाड़ीवाल, किशन चौहान, राजेश रक्षक, निर्मल भाटी, संतोष चांगल, राकेश तंवर, भगवानाराम, निर्मल सैन, दिनेश गहलोत, श्यामसुंदर भाटी, अशोक तंवर, विनोद रक्षक, निरंजन सैन, जयप्रकाश खींची, हीरालाल खींची व कपिल रक्षक सहित सैन समाज के लोग मौजूद थे।

## पूनमचंद सारस्वत बने अध्यक्ष



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति की विशेष बैठक दाऊलाल त्रिवेदी की अध्यक्षता एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष श्यामसुन्दर मंत्री के सानिध्य में आयोजित हुई। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने संस्था के उद्देश्यों को उल्लेखित करते हुए कहा की वर्तमान मे कन्या भ्रूण हत्या एवं गर्भपात से बालक- बालिकाओं का अनुपात गड़बड़ा रहा है, इस हेतु मातृ शक्ति को जागृत कर सम्मेलन करने की आवश्यकता है।

इस अवसर नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमे करनीदान मंत्री व दाऊलाल त्रिवेदी संरक्षक, पूनमचन्द सारस्वत अध्यक्ष, साँवरमल भोजक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नारायण मंत्री उपाध्यक्ष, परमेश्वर सोनी मंत्री, प्रमिला राठी महिला मंत्री, मदन गोपाल सोनी सह मंत्री, चन्द्रप्रभा सोनी महिला प्रभारी, रजनी सोनी, स्वाति शर्मा सह प्रभारी का निर्वाचन निर्विरोधद निर्वाचित किया गया। बैठक में गोविन्दराम क्याल, दयाशंकर राठी, सीताराम करवा, मांगीलाल शर्मा, रमेश तोषनीवाल, राम बिलास बजाज, कमल किशोर मंत्री, आभा शर्मा, ललिता सोनी, राजू सोनी, सन्तोष शर्मा आदि सदस्य उपस्थित थे।

## प्राइवेट बस ऑपरेटर की चक्का जाम हड़ताल के चलते यात्रियों को हो रही परेशानी




निसं

**चूरू (नवयत्न)।** चूरू जिले में मंगलवार को प्राइवेट बस ऑपरेटर्स की चक्काजाम हड़ताल के चलते परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई। रात 12 बजे से कॉन्ट्रैक्ट और स्टेज कैरिज श्रेणी की प्राइवेट बसों ने चक्का जाम कर दिया, जिससे शहर के साथ-साथ प्रदेशभर में यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के कारण 23 से 28 फरवरी तक की प्राइवेट बसों की ऑनलाइन टिकट बुकिंग भी पूरी तरह बंद कर दी गई है। इससे विशेष रूप से लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। प्राइवेट बस ऑपरेटर्स चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा नियमों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है उनका आरोप है कि नए मोटर व्हीकल एक्ट के प्रावधानों को पुरानी बसों पर भी जबरन लागू किया जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। इसके चलते बस मालिकों पर एक लाख रुपए तक का भारी जुर्माना लगाया जा रहा है इतना ही नहीं, कई मामलों में यात्रियों को बीच रास्ते में ही बस से उतार दिया जाता है, जिससे यात्रियों को असुविधा के साथ-साथ आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता है। बस सेवाएं ठप होने से यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है लेकिन सीमित संसाधनों के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे और रोडवेज बसों में यात्रियों की भीड़ अचानक बढ़ गई है, जिससे टिकट मिलना भी मुश्किल हो गया है। इधर यात्रियों का कहना है कि अचानक हुई हड़ताल से उनकी यात्रा योजनाएं बिगड़ गई हैं। कई यात्रियों को जरूरी कामों, परीक्षा, इलाज और पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए यात्रा करनी थी लेकिन बस सेवाएं बंद होने से वे परेशान हैं। यात्रियों ने सरकार और परिवहन विभाग से जल्द समाधान निकालने की मांग की है ताकि आमजन को राहत मिल सके और परिवहन व्यवस्था फिर से पटरी पर लौट सके।

### मरीजों को तकनीकी समस्याओं से निजात दिलाने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन भेजकर नि:शुल्क दवा योजना का पूरा लाभ दिए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया अस्पताल में आईएमएचएस व्यवस्था के तहत पर्ची काउंटरों पर सीधे पर्ची ना देकर टोकन दिए जाते हैं। जिसके बाद डॉक्टर्स ऑनलाईन पर्ची बनाकर मरीजों को जांच लिखते हैं तथा परामर्श देते हैं। इसी बीच हॉस्पीटल का समय पूरा हो जाता है, जिससे या तो दवा काउंटर वाले कल आने के लिए बोलते हैं या फिर दवा देने से मना कर देते हैं कि समय खत्म हो गया। जिसके कारण मरीजों को दूसरे दिन भी अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसलिए मरीजों को आ रही इस तकनीकी समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग ज्ञापन में की गई है।

## होली पर्व को ईको फ्रेंडली के रूप में मनाए जाने की अपील



निसं

**बीदासर (नवयत्न)।** कस्बे के राधाकृष्ण हवेली में मंगलवार को ई-स्मार्ट कार्यक्रम में अणुव्रत समिति बीदासर द्वारा अणुव्रत कलेंडर एवं डायरी वितरण कर होली पर्व को ईको फ्रेंडली रूप में मनाएं जाने की अपील की गई। समिति के मंत्री नवल किशोर मीणा ने बताया कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा कि बीदासर उपखंड स्तर पर ई-स्मार्ट कार्यक्रम सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग चुरू की उपनिदेशिका (एसीपी) विनोद कुमारी, मेंटोर जमील, एसीबीईओ द्वितीय चरण सिंह घोटड़ के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

इस दौरान संपूर्ण बीदासर तहसील से चयनित 20 राजकीय एवं निजी विद्यालयों के 400 छात्र-छात्राओं सहित 20 अध्यापक प्रतिनिधि, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग बीदासर के प्रोग्रामर, सहायक प्रोग्रामर, सूचना सहायक, अणुव्रत समिति बीदासर के अध्यक्ष दानमल बांठिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी को समिति मंत्री नवल किशोर मीणा द्वारा होली पर्व को ईको फ्रेंडली मनाए जाने की शपथ दिलवाकर अणुव्रत पत्रिका एवं अणुव्रत क्रिटिविटी कॉन्टेक्स्ट 2026 के बारे में विस्तार से जानकारी देकर सभी से अणुव्रत पत्रिका के सदस्य बनने एवं विद्यार्थियों से एसीसी 2026 में सहभागिता निभाने की अपील कर उपस्थित सभी अतिथियों को अणुव्रत कलेंडर एवं डायरी भेंट कर सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आये विद्यार्थियों को राजस्थान सरकार द्वारा स्टार्टअप को फंडिंग, मेंटरशीप एवं आईसीएनए ग्रांट जिसमें पुरुष फाउंडर को 24 लाख रूपये व महिला फाउंडर को तीन लाख रूपये तक की ग्रांट की सुविधा एवं क्यूरेट के आधार पर 60 लाख रूपये तक की बाइबिलिटी ग्रांट के बारे में कॉडिनेटर ने जानकारी दी।

कार्यक्रम में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के प्रोग्रामर सुनील कुमार, सहायक प्रोग्रामर गणेशाराम सारण, जितेंद्र, श्रीराम साहू, प्रकाश कांटिवाल सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## सम्पादकीय

# भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते की राह



अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से ट्रंप की टैरिफ नीति को अवैधानिक करार देने के उपरांत भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार वार्ता टलने के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस तरह यह कहा कि फिलहाल टैरिफ में बदलाव को लेकर कुछ कहना कठिन है, उससे इसे लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता कि अमेरिका से व्यापार समझौता कब होगा?

जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने 25 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने एवं रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म करने की घोषणा की थी और उसके बाद दोनों देशों की ओर से व्यापार समझौते को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया था तो माना जा रहा था कि मार्च में यह समझौता हो जाएगा।

फिर मार्च के स्थान पर अप्रैल में समझौता होने की संभावना व्यक्त की गई, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चिढ़े ट्रंप की ओर से सभी देशों पर पहले 10 और फिर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद व्यापार समझौते को लेकर संशय पैदा हो गया है। फिलहाल न तो यह कहा जा सकता है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता कब होगा और न ही यह कि इस समझौते की टैरिफ दरें क्या होंगी?

यह ठीक है कि वाणिज्य मंत्रालय बदले हालात की समीक्षा कर रहा है, लेकिन बहुत कुछ ट्रंप प्रशासन के रवैये पर निर्भर करेगा, जिसके स्थिर रहने का ठिकाना नहीं। इन स्थितियों में भारत के लिए उचित यही होगा कि वह अन्य देशों से व्यापार समझौते संबंधी वार्ताओं को गति प्रदान करे। इसके अतिरिक्त ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ आदि के साथ जो व्यापार समझौते हो चुके हैं, उन्हें अंतिम रूप देने का काम यथाशीघ्र किया जाए।

यह सही है कि भारत समेत अन्य देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा बाजार है और उसके साथ व्यापार समझौता भारतीय कारोबारियों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के हित में है, लेकिन भारत को अपने उत्पादों एवं सेवाओं की खपत के लिए अन्य विकल्प तलाशने का काम प्राथमिकता के आधार पर करते रहना चाहिए। इसमें इसलिए ढील देना उचित नहीं होगा कि अंततः अमेरिका से व्यापार समझौता होना ही है।

भारत के हित में यही है कि उसके उत्पादों की खपत विश्व के अधिक से अधिक देशों में हो। भारत को अपने उत्पादों के लिए अमेरिका के अतिरिक्त अन्य देशों को अनुकूल बाजार के रूप में इसलिए भी खोजना चाहिए, क्योंकि इससे ही वह ग्लोबल सप्लाई चेन में चीन के दबदबे को खत्म कर सकता है और उन देशों की आकांक्षा भी पूरी कर सकता है, जो भारत को चाइना प्लस वन रणनीति के तहत एक प्रमुख देश के रूप में देख रहे हैं। निःसंदेह यह सब तब संभव होगा, जब भारतीय कारोबारी अपने उत्पादों की गुणवत्ता और उत्पादकता विश्वस्तरीय बनाएंगे।

## विशेष आलेख

# नये भारत की नई PRAHAAR नीति, आतंक के हर रूप से अब ऐसे निपटेगा भारत

> नीति में यह रेखांकित किया गया है कि भारत जल, थल और नभ तीनों मोर्चों पर आतंकी खतरों से जूझ रहा है। बिजली, रेल, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की सुरक्षा क्षमता को मजबूत किया गया है ताकि राज्य और गैर राज्य तत्वों की साजिशों को विफल किया जा सके। यह स्पष्ट संकेत है कि अब आतंक के खिलाफ केवल घटनाओं के बाद कार्रवाई नहीं होगी, बल्कि रणनीतिक तैयारी पहले से की जाएगी।



भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सोमवार को देश की पहली समग्र आतंक विरोधी नीति जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंक के खिलाफ संघर्ष एक संगठित और आक्रामक ढांचे के तहत लड़ा जाएगा। इस नीति का नाम रखा गया है प्रहार। नाम ही संकेत दे रहा है कि यह नीति रक्षात्मक नहीं बल्कि प्रतिघात और प्रतिकार की सोच पर आधारित है। गृह मंत्रालय द्वारा जारी दस्तावेज में साफ कहा गया है कि भारत को सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद के साथ-साथ साइबर हमलों, ड्रोन के दुरुपयोग और उभरती तकनीकों के जरिये हो रहे हमलों का भी सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेज में यह भी उल्लेख है कि अपराधी हैकर और कुछ राष्ट्र लगातार साइबर हमलों के जरिये भारत को निशाना बना रहे हैं। यह खतरा अब केवल बंदूक और बारूद तक सीमित नहीं रहा, बल्कि की-बोर्ड, कोड और क्रिप्टो वॉलेट तक फैल चुका है।

दस्तावेज में यह भी कहा गया है कि भारत आतंकवाद को किसी विशेष धर्म, जाति या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ता। लेकिन यह भी उतनी ही स्पष्टता से दर्ज किया गया है कि सीमा पार से प्रायोजित जिहादी आतंकी संगठन और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रचते रहे हैं। अल कायदा और आईएसआईएस जैसे वैश्विक आतंकी संगठनों का नाम लेते हुए नीति में कहा गया है कि ये संगठन स्लीपर सेल के जरिये भारत में हिंसा भड़काने की कोशिश करते रहे हैं।

विशेष चिंता का विषय ड्रोन और रोबोटिक तकनीक का दुरुपयोग है, खासकर पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में। हथियार और मादक पदार्थ गिराने से लेकर आतंकी हमलों की साजिश तक, तकनीक का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। सोशल मीडिया, एन्क्रिप्शन टूल, डॉर्क वेब और क्रिप्टो वॉलेट के जरिये फंडिंग और प्रचार का नेटवर्क खड़ा किया जा रहा है। नीति इस डिजिटल युद्ध को पहचानते हुए सीबीआरएनईडी यानी रासायनिक, जैविक, विकिरण, परमाणु, विस्फोटक और डिजिटल सामग्री तक आतंकी पहुंच को रोकने की चुनौती पर जोर देती है।

गृह मंत्रालय ने जांच की प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए हर स्तर पर कानूनी विशेषज्ञों को जोड़ने की सिफारिश की है ताकि एफआईआर से लेकर अभियोजन तक केस मजबूत बन सके। यह कदम आतंक के खिलाफ अदालतों में निर्णायक सजा सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

कट्टरपंथ के मुद्दे पर भी नीति स्पष्ट है। अक्सर देखने में आता है कि आतंकी संगठन भारतीय युवाओं को बरगलाने की कोशिश करते हैं। ऐसे मामलों में चरणबद्ध पुलिस प्रतिक्रिया, कानूनी कार्रवाई और पुनर्वास कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया है। समुदाय और धार्मिक नेताओं की भूमिका को भी रेखांकित करते हुए कहा गया है कि जागरूकता और संवाद के जरिये युवाओं को भटकने से रोका जाएगा। जेलों में भी डि रेडिकलाइजेशन कार्यक्रम चलाने की बात कही गई है।

यह नीति केवल घरेलू ढांचा नहीं है। इसमें अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग की भी आवश्यकता पर बल दिया गया है, क्योंकि आतंक का नेटवर्क सीमाओं से परे फैला हुआ है। विदेशी संगठन स्थानीय ढांचे और भूगोल का उपयोग कर हमले की साजिश रचते हैं। ऐसे में समन्वित वैश्विक कार्रवाई जरूरी है।

देखा जाये तो प्रहार नीति वस्तुतः उस बदले हुए भारत को दर्शाती है जो अब आतंकवाद को नियति मानकर सहने वाला राष्ट्र नहीं रहा। पिछले एक दशक में मोदी सरकार ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सीमा पार आतंकवाद का जवाब केवल कूटनीतिक नोटिस से नहीं बल्कि निर्णायक कार्रवाई से दिया जाएगा। सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के बाद अब यह नीति उस सोच को संस्थागत रूप दे रही है।

भारत की प्रहार नीति का सामरिक महत्व अत्यंत गहरा है। यह स्पष्ट संदेश देती है कि भारत बहु आयामी युद्ध को समझता है। आतंक अब केवल सीमा पर घुसपैठ नहीं, बल्कि साइबर स्पेस, वित्तीय नेटवर्क और वैचारिक प्रचार के जरिये भी फैलाया जाता है। प्रहार इन सभी मोर्चों पर एकीकृत प्रतिक्रिया का ढांचा प्रस्तुत करता है। साथ ही यह नीति रक्षात्मक मानसिकता से बाहर निकलकर सक्रिय प्रतिरोध और पूर्व तैयारी की रणनीति अपनाती है। इसके अलावा, यह कानून, तकनीक और समाज तीनों को एक साथ जोड़ती है।

सीमा पार से प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ मोदी सरकार की नीति ने स्पष्ट कर दिया है कि अब धैर्य की भी सीमा है। कश्मीर में आतंकी ढांचे को तोड़ने, फंडिंग पर नकेल कसने और अलगाववादी नेटवर्क को ध्वस्त करने के कदमों ने जमीन पर असर दिखाया है। प्रहार उसी क्रम का अगला चरण है जहां आतंक के हर स्वरूप को चिन्हित कर व्यवस्थित ढंग से कुचला जाएगा।

जो लोग आतंक के खिलाफ कठोर नीति को लेकर संशय जताते हैं, उन्हें समझना चाहिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा भावनात्मक उदारता से नहीं बल्कि कठोर निर्णयों से सुरक्षित होती है। भारत ने यह भी स्पष्ट किया है कि वह किसी धर्म को आतंक से नहीं जोड़ता, लेकिन आतंक के नाम पर देश को अस्थिर करने की हर साजिश का मुंहतोड़ जवाब देगा।

बहरहाल, प्रहार नीति एक संदेश है कि नया भारत हमले का इंतजार नहीं करता, बल्कि खतरे की पहचान कर पहले ही प्रहार करता है। यही रणनीतिक परिपक्वता किसी भी उभरती शक्ति की पहचान होती है। आतंक के खिलाफ यह संगठित, आक्रामक और समन्वित दृष्टिकोण आने वाले समय में भारत की सुरक्षा संरचना को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# थायराइड की समस्या में कारगर है मोरिंग पाउडर, इस तरह से करें सेवन

आज के समय थायराइड एक आम समस्या बनती जा रही है। यह रोग पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं को अधिक होता है। दरअसल, थायराइड हमारे गले में मौजूद एक ग्रंथि होती है, जो कुछ विशेष हार्मोन का उत्पादन करती है। जब इस ग्रंथि का कार्य प्रभावित होता है, तो इसे हाइपोथारायडिज्म और हाइपरथायरायडिज्म कहा जाता है। यदि, इस स्थिति का इलाज न किया जाए, तो मरीज को कई तरह की समस्याएं हो सकती है।



### आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर

मोरिंगा पाउडर आवश्यक विटामिन और मिनरल्स से भरपूर होते हैं। थायराइड रोगियों के लिए पोषक तत्व का स्तर बनाए रखना महत्वपूर्ण माना जाता है। मोरिंगा पाउडर में विटामिन ए, सी, ई और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन पाया जाता है, जो थायराइड के लिए जरूरी होता है। ये पोषक तत्व हार्मोन बनाने के लिए आवश्यक होते हैं। साथ ही, ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करने में मदद करते हैं।

### हार्मोनल को बैलेंस करें

मोरिंगा पाउडर में ऐसे गुण होते हैं, जो हार्मोनल को बैलेंस करने में सहायक होते हैं। यह फ्लेवोनोइड्स, फेनोलिक एसिड और आइसोथियोसाइनेट्स जैसे प्लांट बेस्ड न्यूट्रिशन होते हैं, जिनका थायराइड फ़ंक्शन पर सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। ये बायोएक्टिव गुण थायराइड हार्मोन को कंट्रोल करने में मदद कर सकते हैं और टी4 (थायरोक्सिन) को सक्रिय रूप, टी3 (ट्राईआयोडोथायरोनिन) में बदलने में सहायता कर सकते हैं।

### एनर्जी लेवल को बढ़ाएं

थायराइड के कारण अक्सर थकान और एनर्जी का लेवल कम हो जाता है। लेकिन, मोरिंगा पाउडर में मौजूद आयरन, मैग्नीशियम और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन होता है, जो एनर्जी लेवल को बनाए रखने में मदद करता है। इसके अलावा, मोरिंगा पाउडर रेड ब्लड सेल को बढ़ाता है, जिससे ऑक्सीजन का लेवल बढ़ता है और थकान कम होती है।

### एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण

मोरिंगा के पाउडर में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो शरीर की सूजन को कम करने का काम करता है। मोरिंगा के पाउडर के गुण थायराइड फंक्शन को बेहतर करते हैं और अन्य जोखिम को कम करने में सहायक होते हैं।

### मोटापे को कंट्रोल करने में सहायक

थायराइड के मरीजों को मोटापा कंट्रोल करने की सलाह दी जाती है। मोरिंगा पाउडर कैलोरी कम होती है। साथ ही, पोषक तत्व के कारण यह वजन को कंट्रोल करने में सहायक होता है। मोरिंगा फाइबर का मुख्य स्त्रोत माना जाता है, जो आपकी भूख को शांत करता है।

# दिनभर में पी जाते हैं कई कप चाय तो इन टिप्स को फॉलो करें, छूट जाएगी आदत

चाय हो या कॉफी, बहुत सारे लोगों के लिए ये किसी एनर्जी ड्रिंक की तरह होती है। जिसे पीने के बाद ही उनका दिन शुरू होता है। खासतौर पर अगर ये बिस्तर पर मिल जाए तो कहना ही क्या। लेकिन ये चाय की चुस्की सेहत के लिए कई सारे नुकसान भी लेकर आती है। चाय और कॉफी में कैफीन की मात्रा होती है जो ज्यादा मात्रा में पीने से इसका आदी बना देती है। साथ ही खाली पेट चाय आपको गैस और ब्लॉटिंग की समस्या भी दे सकती है। अगर आप दिनभर में चार से पांच कप चाय या कॉफी के गटक जाते हैं तो ये ना केवल फिजिकल हेल्थ बिगाड़ेगी बल्कि मेंटल हेल्थ पर भी निगेटिव असर पड़ेगा। ज्यादा मात्रा में चाय या कॉफी पीने से स्ट्रेस और एंजायटी बढ़ती है।



### बेड टी को कहें नो

बिस्तर से उठते ही चाय पीते हैं या फिर बिस्तर पर ही बेड टी लेते हैं। ये दोनों ही तरीके सेहत को खराब करने के लिए काफी है। सुबह उठते ही चाय पीने की बजाय गर्म पानी पी लें। ये आपके बॉडी के टॉक्सिंस को निकालने में मदद करेगी और गर्मागर्म चाय की हैबिट को कम करने में मदद करेगी। शुरू में भले ही आपको अच्छा ना लगे। लेकिन कुछ ही दिनों में इसकी आदत पड़ जाएगी।

### टी ब्रेक ना लें

दिनभर काम करते-करते खाने का समय नहीं मिला और आपने ब्रेकफास्ट, लंच कुछ नहीं किया। तो टी ब्रेक हरगिज ना लें। इससे आपको एसिडिटी सबसे ज्यादा होगी बल्कि समय निकालकर कुछ खा लें। जब पेट भरा होगा तो चाय पीने का मन नहीं होगा। अक्सर लोग भूख लगने पर चाय पी लेते हैं। जिसकी वजह से ना केवल एसिडिटी बनती है। बल्कि ब्लॉटिंग की समस्या भी होने लगती है।

### 1-2 कप चाय ही पिएं

दिनभर में चाय के कई सारे कप को पीते हैं तो सबसे पहले उसे कम करें। दिनभर में केवल 1-2 कप चाय ही पिएं। भले ही आपका कप छोटा सा हो लेकिन फिर भी केवल 1-2 कप से ज्यादा पीने की कोशिश ना करें और पूरी तरह से अवॉइड करें। हालांकि हो सकता है इससे सिर में दर्द हो लेकिन धीरे-धीरे ये खत्म हो जाएगा।

**चीनी या गुड़ की मात्रा कम करें :** चाय पीते हैं तो उसमे मिठास का भी खास ध्यान रखें। चाय की मिठास ब्लड शुगर लेवल को बढ़ा देती है। इसलिए चाय में एक चम्मच चीनी या गुड़ ही डालें। इसकी मात्रा को धीरे-धीरे कम करें। ध्यान रें कि मिठास के लिए आर्टीफिशियल स्वीटनर का कतई इस्तेमाल ना करें।

**थकान मिटाने या जागने के लिए ना पिएं चाय :** जब थकान महसूस हो रही या रात को देर तक जागना है। दिमाग को एक्टिव रखने के लिए चाय या कॉफी ना पिएं। नहीं तो आप इसके आदी हो जाएंगे और चाय छूटना मुश्किल हो जाएगी। चाय पीने की बजाय आप थोड़ी देर रेस्ट कर लें। ये आपके बॉडी को ज्यादा एनर्जी देने में मदद करेगी।

### हेल्दी स्नैक्स के साथ बनाएं कॉम्बिनेशन

चाय के साथ बिस्कुट, रस, ब्रेड, मठरी जैसी चीजों को बिल्कुल अवॉएड करें। ये कॉम्बिनेशन अनहेल्दी और आपकी सेहत को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी।

# यूरिक एसिड बढ़ने के कारण परेशान कर रहा है जोड़ों का दर्द? इसे कम करने के यह तरीके

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य की पर्याप्त देखभाल नहीं कर पाते हैं। उनका ज्यादातर समय ऑफिस की भागदौड़ और घर के अन्य कामों के बीच गुजरता है। इसकी वजह से अपने खुद के स्वास्थ्य के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। जबकि भागदौड़ भरी दुनिया में अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना महत्वपूर्ण है। क्योंकि, लगातार इस तरह की जीवनशैली को फॉलो करने से शरीर में कई रोग पनपने लगते हैं। शरीर में यूरिक एसिड का एसिड का बढ़ना इसका एक बड़ा उदाहरण है। यह समस्या आजकल लोगों में बहुत आम हो गई है। इसके कारण उन्हें कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है, जिनमें सबसे आम है जोड़ों में दर्द होना। यूरिक एसिड बढ़ने की समस्या प्यूरीन नामक एक प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला अपशिष्ट पदार्थ के कारण होती है, जो शरीर से बाहर निकलने की बजाए कुछ कारणों की वजह से शरीर में ही जमा होने लगता है, जिससे लोगों को असुविधा और



स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इससे कुछ लोगों को हड्डियों, जोड़ों व मांसपेशियों में गंभीर दर्द का सामना भी करना पड़ सकता है।

**वेजिटेरियन डाइट फॉलो करें :** इसे शरीर में बढ़े हुए यूरिक एसिड को प्राकृतिक रूप से कम करने में मदद मिलती है। कोशिश करें कि कम से कम 3 महीने तक वेजिटेरियन डाइट फॉलो करें। लेकिन अक्सर लोग वेजिटेरियन के चक्कर में इडली, डोसा, रोटी, पनीर आदि का सेवन करने लगते हैं। लेकिन यहां वेजिटेरियन से हमारा मतलब डाइट में सब्जियां अधिक शामिल करना है। कोशिश करें कि 3 महीने तक मौसमी सब्जियां अपनी डाइट में अच्छी मात्रा में शामिल करें। हरी-पत्तेदार सब्जियां, कद्दू और लौकी, तुराई, दूदी, टिंडा और घी आदि जैसे फूड्स डाइट में शामिल करें।

**सोडा बाइकार्बोनेट का सेवन करें :** आपको कोशिश कें कि आप आधा चम्मच सोडा बाइकार्बोनेट का खाली पेट सेवन करें। ऐसा रोज सुबह 5 दिनों तक करें। उसके बाद 3-4 दिन का गैप रखें और दोबारा 5 दिनों तक इसका सेवन करें। इस प्रक्रिया को पूरे महीने फॉलो करें। इससे यूरिक एसिड को कम करने में बहुत मदद मिलेगी।

**डाइजेशन में सुधार करें :** डाइजेशन में सुधार के लिए आपको गलत फूड्स के सेवन से बचने की जरूरत होती है। घर का बना खाना खाएं। डाइट में प्रोबायोटिक्स शामिल करें। भोजन को चबा-चबाकर खाएं और इसके अलावा, कुछ जड़ी-बूटियां भी पाचन में सुधार करने में मदद करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है।

### वृष

कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

### मिथुन

पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### कर्क

पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

### सिंह

भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। परिवार की मदद मिलेगी।

### कन्या

जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

### तुला

भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। यात्रा आज नहीं करें।

### वृश्चिक

रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। आय से व्यय अधिक होंगे।

### धनु

फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### मकर

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

### कुंभ

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### मीन

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

# किसानों के मुद्दे पर रणनीति बनाएगी कांग्रेस

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा बुधवार दोपहर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा गांधी भवन स्टेशन रोड जयपुर में जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक लेंगे। बैठक दोपहर 3 बजे आयोजित होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किसानों के हितों के खिलाफअमेरिका के साथ प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेस पार्टी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इन्हीं कार्यक्रमों की रूपरेखा और तैयारियों को लेकर यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में प्रदेशभर के जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ समन्वय समिति के सदस्य, श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ से निर्वाचित सांसद, सांसद प्रत्याशी, विधानसभा सदस्य, विधानसभा प्रत्याशी तथा अग्रिम संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष शामिल होंगे। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा भी मौजूद रहेंगे। जहां किसानों से जुड़े मुद्दों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर रणनीति तय की जाएगी।

# प्रजापत को मिला मातृभाषा रत्न सम्मान

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन नेपाल द्वारा गोगटिया चारणान तहसील तारानगर जिला चूरू, राजस्थान के शिक्षक परमेश्वर प्रजापत को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। रामचन्द्र आयतान ने बताया कि नेपाल भारत मैत्री विकास, देवनागरी लिपि के संरक्षण संवर्द्धन, नेपाल भारत की मैत्री भाषा हिंदी/नेपाली के वैश्विक प्रचार प्रसार तथा देश विदेश के कवि, लेखक, साहित्यकार और शिक्षकों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आज अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर नेपाल, भारत सहित 5 देशों के एक हजार प्रतिभाओं को मातृभाषा रत्न मानद उपाधि सम्मान, तथा मातृभाषा गौरव सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया है। इस अवसर कवि व शिक्षक परमेश्वर प्रजापत को प्रशस्ति पत्र सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया है। परमेश्वर प्रजापत को सम्मान की बधाई देते हुए संस्था के अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु ने कहा-शब्द प्रतिभा का उद्देश्य है प्रतिभाओं का प्रोत्साहन कर उनमें नव ऊर्जा का विकास करना।

उल्लेखनीय है कि प्रजापत की एक मौलिक राजस्थानी काव्य संग्रह व एक अनुवाद उर्दू से राजस्थानी काव्य संग्रह कृति प्रकाशित हैं। प्रजापत काव्य की विविध विधाओं एवं छंदों में मातृभाषा राजस्थानी में लिख रहे हैं तथा राजस्थानी संस्कृति के प्रचार प्रसार व संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# फाग-2026 के पोस्टर का हुआ विमोचन

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में लाल कुआं गिंदड़ आयोजन समिति की बैठक में आयोजन समिति की और से होली पर आयोजित तीन दिवसीय स्नेह मिलन-सांस्कृतिक कार्यक्रम फाग-2026 के पोस्टर का विमोचन निवर्तमान पालिकाध्यक्ष अर्चना सारस्वत, कांग्रेस नेता हेमन्त सारस्वत, समाजसेवी महेश सिमार, अंजनी चोटिया, डॉ कौशल बुढाढरा, प्रहलाद राय इंदौरिया के द्वारा किया गया।

बैठक में तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम फाग-2026 की तैयारियों को अंतिम रूप देकर आयोजन को सफल एवं सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने हेतु कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए एडवोकेट निर्मल भुढ़ाढरा ने बताया कि तीन दिवसीय फाग-2026 के अंतर्गत प्रथम दिन होने वाले हास्य कवि सम्मेलन में प्रख्यात हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी के मंच संचालन में कमल माहेश्वरी, अर्जुन अल्हड़, महेश महाबली, प्रहलाद चंचल एवं कवियत्री कोमल नाजुक सरीखे सुप्रसिद्ध कविगण अपने काव्यपाठ करेंगे ।वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन मारवाड़ी म्यूजिकल ग्रुप, जयपुर के कलाकार राजस्थानी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश करेंगे व तीसरे दिन एस पी वर्मा के संचालन में श्री बर्बरीक श्याम म्यूजिकल ग्रुप, जयपुर व पाबूसर के सुप्रसिद्ध लोककलाकारों द्वारा पारंपरिक चंग बांसुरी फाल्गुनी धमालों व राजस्थानी लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जायेगा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद उपेंद्र चोटिया, रामकिशन चोटिया, मदनलाल गोगासरिया, गजानंद चोटिया, रामावतार सारस्वत, ललित चोटिया, विश्वजीत नौहाल, शरीफ छींपा, पवन सोनी, ललित कुमार, गिरधारी सिमार, साबिर छींप, प्रीतम चोटिया, जयेश भाटी, श्रेयांश भाटी, पूनमचंद प्रजापत आदि उपस्थित थे।

# निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन आज

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशन में पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन बुधवार, 25 फरवरी, 2026 को किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पिता सोनी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अहर्ता दिनांक 01 जनवरी, 2025 के संदर्भ में जिले की पंचायतीराज संस्थाओं की निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

# नेत्र चिकित्सा शिविर आज

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व लायंस क्लब सुजानढ़ के तत्वावधान में शंकरा आई हॉस्पीटल के सहयोग से बुधवार को स्थानीय माहेश्वरी सेवा सदन में नि:शुल्क मोतियाबिन्द जांच व नैत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जायेगा।

एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया ने बताया कि सीताराम पवन कुमार मौसूण के सौजन्य से आयोजित होने वाले शिविर में मरीजों की जांच, दवा आदि की सुविधाएं नि:शुल्क रहेंगी।

# वैचारिक प्रतिबद्धता के चलते विशाल वटवृक्ष बना भाजपा : शर्मा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला दल है। जहां राष्ट्र के बाद दल और फिर व्यक्ति का स्थान आता है। वे भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का आधार है। एक विचार को लेकर चलने वाला यह राजनीतिक दल आज देशभर में वट वृक्ष के रूप में स्थापित हो चुका है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता में दायित्व बोध से व्यक्तित्व निर्माण होता है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण को बल मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों के विचारों से प्रेरित यह विचारधारा आगे बढ़ी। आपातकाल के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिकारों से अधिक कर्तव्य बोध आवश्यक है।

भाजपा राजनीतिक कार्यों के साथ सामाजिक दायित्वों को भी प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें सदैव जनहित में कार्य करती रहेंगी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है।

बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त पाथेय को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है। अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि 7 मार्च से 15 अप्रैल तक देशभर में प्रशिक्षण महाभियान चलाया जाएगा। प्रदेश स्तर के बाद जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी। साथ ही मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, जनप्रतिनिधि, मीडिया और सोशल मीडिया स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, कार्य पद्धति में सिद्धांत आधारित आचरण विकसित करना, पार्टी के इतिहास और विकास की जानकारी देना, सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना तथा राष्ट्रीय चुनौतियों और नैरेटिव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यशाला में विधायक अजय महावर, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम एवं अभियान की प्रदेश सह-संयोजक संतोष अहलावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्याम भक्तों की सेवा में जुटे कस्बेवासी, भजनों पर झूमे



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** बाबा श्याम के लक्खी मेले में निशान ध्वजा लेकर श्री खाटूश्याम धाम पैदल जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए श्रीमाधोपुर शहरवासियों ने सेवा शिविर लगाकर पदयात्रियों की सेवा में जुटे हुए हैं। जगह-जगह लगे शिविरों में चिकित्सा, पेयजल, भोजन और विश्राम करने की पूरी व्यवस्था की गई है। पैदल चलने वाले श्याम श्रद्धालुओं के लिए शहरवासी दिन रात सेवा कर रहे हैं। सुबह चाय नाश्ते के साथ भक्तों की मनवार शुरू होती है दोपहर में भोजन, दही की लस्सी, सलाद, दोपहर में शीतल-पेय, तरह तरह की चाट, शाम को भोजन, गर्म दूध पिलाकर मनवार करते हैं तो आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक डॉ सी पी व्यास अपने स्टाफ के साथ नि:स्वार्थ भाव से भक्तों की चिकित्सा कर रहे हैं। रात्रि में विश्राम के लिए पाण्डालों में रजाई-गद्दे बिछाकर रुकने की व्यवस्था कर रखी है। सोमवार को श्रीश्याम सेवा समिति के पाण्डाल में माता कमलेश श्याम रागिनी व संतोष गौतम के नेतृत्व में आए हारे का सहारा प्रचार मंडल करावल नगर दिल्ली से आए भक्तों व स्थानीय भजन गायक हेमंत सोनी मुन्ना ने बाबा के दरबार में बाबा श्याम के गाए भजनों पर भक्तों को नाचने पर मजबूर कर दिया। श्याम भक्तों का दिल्ली प्रवासी महेश परवाल व सुनीता परवाल ने श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। इसी प्रकार पोलदास मंदिर के पास पूरणमल शर्मा ने अपने साथियों के साथ चाय, पानी, नाश्ता, दवाई आदि नि:शुल्क सेवा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या का भक्तों का मान मनुहार करने में लगे हुए हैं।

# निजी बस संचालकों की हड़ताल से जनजीवन प्रभावित



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** प्रदेशव्यापी निजी बस संचालकों की हड़ताल का असर मंगलवार को क्षेत्र में व्यापक रूप से देखने को मिला। सोमवार रात 12 बजे से शुरू हुई इस अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निजी बस संचालकों के आह्वान पर प्रदेश भर में करीब 35,000 बसों के पहिए थम गए हैं। स्थानीय मुख्य रोड़वेज बस स्टैंड पर सुबह से ही यात्रियों की भारी भीड़ देखी गई। निजी बसें न चलने के कारण लोग सरकारी बसों रोडवेज पर निर्भर हैं, जिनमें क्षमता से अधिक भीड़ होने के कारण लोग पायदान पर लटककर यात्रा करने को मजबूर हैं। दूर.दराज के गांवों और शहरों में जाने वाले यात्रियों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को चिलचिलाती धूप में घंटों इंतजार करना पड़ा।

निजी बस संचालकों का कहना है कि उनकी विभिन्न लंबित मांगों पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसी के विरोध में प्रदेश स्तर पर यह बड़ा कदम उठाया गया है।

# 11 सूत्री मांगों पर माली समाज एकजुट : अब करेंगे विधानसभा घेराव

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** महात्मा ज्योतिबा फुले टर्मिनल मार्केट में मंगलवार को मुहाना मंडी माली समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठ और युवा व्यापारियों सहित मंडी परिसर में कार्यरत लोगों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जयपुर फल व सब्जी थोक विक्रेता संघ के अध्यक्ष योगेश तंवर ने की। बैठक में सर्वसम्मति से समाज की ओर से बुधवार को प्रस्तावित विधानसभा घेराव को समर्थन देने का निर्णय लिया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से इसमें शामिल होने की अपील भी की। बताया गया कि वर्तमान में समाज की ओर से जन अधिकार यात्रा निकाली जा रही है, जिसका समापन विधानसभा घेराव के साथ होगा। बैठक में बताया गया कि माली समाज लंबे समय से अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर आंदोलन कर रहा है। इन मांगों में समाज को पृथक 12 प्रतिशत आरक्षण देने, समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले को भारत रत्न देने की मांग शामिल है। इसके अलावा आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने, महात्मा ज्योतिबा फुले बोर्ड को वित्तीय और प्रशासनिक अधिकार देने तथा उसमें पदाधिकारियों की नियुक्ति करने की मांग भी रखी गई। समाज की अन्य मांगों में संत लिखमी दास जी महाराज की जन्मस्थली नागौर को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करना, नई फल-सब्जी और अनाज मंडियों में माली सैनी समाज को प्राथमिकता से दुकानें आवंटित करना, समाज के लिए सामाजिक सुरक्षा कानून बनाना तथा फुले दंपत्ति के नाम पर विश्व स्तरीय संग्रहालय स्थापित करना शामिल है। इसके साथ ही समाज के लिए अलग बागवानी विकास बोर्ड की स्थापना और भारतीय सेना में सैनी रेजिमेंट बनाने की मांग भी उठाई गई।

बैठक में समाज के लोगों ने इन मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का भी संकेत दिया।

# सनातनियों को तीर्थराज पुष्कर जाना चाहिए यह ऐतिहासिक जगह : आचार्य

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की 16वीं विधानसभा का पंचम सत्र जारी है विधानसभा परिसर में मीडिया से रूबरू होते हुए हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि सबकी अपनी-अपनी आस्था और अपना-अपना विश्वास है। हमें सबका सम्मान करना चाहिए। हमें किसी के विश्वास और आस्था में कोई विघ्न नहीं डालना चाहिए। मैं सनातनी हूँ और कहना चाहूंगा कि अजमेर जाएं तो तीर्थराज पुष्कर में स्नान जरूर करें, ब्रह्मा जी मंदिर में दर्शन करें तथा पुण्य कमाएं। उन्होंने कहा कि सनातनियों को समझने की आवश्यकता है, और पृथ्वीराज चौहान को स्मरण करने की आवश्यकता है इतिहास को पढ़ने और जानने की आवश्यकता है और वह स्थान कैसे बना और किनका है यह भी समझने की आवश्यकता है। मेरे इस पूरे वक्तव्य का अगर कोई अध्ययन करेगा तो वह स्वयं ही अपने आप पुष्कर जाना ज्यादा अच्छा समझेगा और सनातनियों के लिए तो तीर्थराज पुष्कर विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि मेरा यह मानना है कि कांग्रेस और कांग्रेस के मित्रों को सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक, धर्म और राम की चर्चा करने वालों से उनको हमेशा आपत्ति रही है, इसमें धर्म गुरुओं को आपत्तिजनक शब्दों में बोलना, राम को काल्पनिक बताना और जब भी अध्यात्म की, सनातन की भारत की संस्कृति की बात आएगी तो कांग्रेस का छोटा बड़ा कोई कार्यकर्ता, पदाधिकारी, वह हमेशा उसके खिलाफ खड़ा रहेगा यह कांग्रेस की रीति नीति है और कांग्रेस का यह स्वभाव हैद्य जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी उन्होंने पुनर्विचार करने की आवश्यकता पर बल दिया तथा इसे व्यक्तिगत विषय बताया।

# रोजगार उत्सव 28 को

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय पर मातुश्री कमला गोयनका टाउन हॉल में शनिवार, 28 फरवरी को रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आदेश जारी कर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए संबंधित अधिकारियों को दायित्व सौंपकर समुचित निर्देश दिए हैं। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि जारी आदेशानुसार कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन व मॉनीटरिंग हेतु जिला परिषद सीईओ को प्रभारी अधिकारी तथा सीएमएचओ को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी के साथ संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

# राजस्थान कौशल एवं आजीविका योजना की दी जानकारी



निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम द्वारा ग्रामीण बेरोजगार युवाओ एवं युवतियों के लिए विभिन्न प्रकार के नि:शुल्क कोर्स करवाये जा रहे है। उक्त योजना के अंतर्गत गांव गोलसर में सरपंच उमेद सिंह राठौड़ के तत्वाधान मे नरेगा लेबर एवं ग्रामीण आमजन को योजना की जानकारी देते हुए बताया कि आवेदन कर योजना से जुड़कर लाभ प्राप्त कर सकते है। कोर्स करने के उपरान्त सरकार द्वारा प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर कोर्स, डिजिटल मार्केटिंग एवं अनेक प्रकार के कोर्स करवा, जायेंगे। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ सहायक भॅवर सिंह बिका एवं मेट सफीक बेहलीम एवं ब्लॉक कोर्डिनेटर मोहन सिंह राठौड़ ने बेरोजगार युवाओ एवं युवतिओं को योजना की जानकारी दी।

# गौ हत्या के विरोध में खाचरियावास की पदयात्रा

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मंगलवार को गो हत्या के विरोध में सिविल लाइंस स्थित अपने निवास से सैकड़ों समर्थकों के साथ पदयात्रा निकाली। पदयात्रा खाचरियावास हाउस से शुरू होकर प्रसिद्ध पेट्रोल पंप बालाजी मंदिर तक पहुंची, जहां उन्होंने समर्थकों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। पदयात्रा के दौरान कार्यकर्ता श्गौमाता के हत्यारों को गिरफ्तार करोश, गौहत्या बंद करो और श्गौरक्षा कानून लागू करो जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़े। रास्ते में कई स्थानों पर लोगों ने खाचरियावास का फूल.मालाओं से स्वागत भी किया। मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा पाठ के बाद खाचरियावास ने कहा कि गोवंश की हत्या और उससे जुड़े मामलों में सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से आरोपियों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग की और कहा कि यदि कार्रवाई नहीं हुई तो पूरे प्रदेश में गौ रक्षा को लेकर आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए। साथ ही चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर राजभवन और विधानसभा का घेराव किया जाएगा और आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घायल युवक को किया हायर सेंटर रैफर

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा से रूपेली के बीच पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल को पिकअप ने टक्कर मार दीए जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, नारायण पिलानिया, आनंद पिलानिया की मदद से घायल उंकार सिंह 30 निवासी ढढ़ेरू गोदारान को सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी मे भर्ती कराया गया। डॉ रघुवीर तूनवाल, ममता स्वामी आदि ने इलाज किया।

स्थिति गंभीर होने के कारण युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर सुजानगढ़ सदर पुलिस भी मौके पर और अस्पताल पहुंची।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह मनाया



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** मेहंदीपुर बालाजी मंदिर में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं व रुक्मणि विवाह सहित अन्य प्रसंग सुनाये गयेए जिसको सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए इस दौरान महिलाओं की भारी भीड़ कथा स्थल पर उमड़ी। कथावाचक दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। प्रसंग में महाराजश्री ने यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें, श्रीकृष्ण का गो प्रेम, माखन चोरी, गोकुल में नंदलाल उत्सव समेत कई प्रसंगों का कथा के दौरान वर्णन किया। वही कथा में भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर यजमान चोरूलाल फोगला, सत्यनारायण पुरोहित, भंवर सिहं, विष्णुकांत पारीक सपत्नीक रहे।

# राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार स्वामी की अध्यक्षता में मंगलवार को वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्व अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में एडीएम रतन कुमार ने सभी उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों से विभिन्न राजस्व मामलों की प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की और स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी राजस्व कार्यों को मिशन मोड पर लेकर उनका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री में उल्लेखनीय प्रगति लाई जाए, एवरेज फाइल डिस्पोजल में प्रगति लाई जाए तथा मुख्यमंत्री कार्यालय, लोकायुक्त और मानवाधिकार आयोग से संबंधित प्रकरणों की रिपोर्ट निर्धारित समय-सीमा में भिजवाना सुनिश्चित करे। एडीएम रतन कुमार ने भू-रूपान्तरण के प्रकरणों को 30 दिवस में निस्तारित करने, रास्तों के विवाद, धारा 183बी, सीमांकन, इजराय, चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाने, एलआर एक्ट के विचाराधीन मामलों, वर्षों से लंबित नामांतरण एवं रास्ता संबंधी प्रकरणों, भू-रूपांतरण एवं आवंटन के लंबित आवेदनों, गिरदावरी, लाइट्स पोर्टल, संपर्क पोर्टल के प्रकरणों तथा न्यायालय प्रकरणों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सार्वजनिक रास्तों के सीमांकन एवं सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नियमानुसार करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम निखिल कुमार सहित सभी उपखंड अधिकारी, तहसीलदार एवं राजस्व विभाग के अधिकारी, कार्मिक वीसी के माध्यम से जुड़े।

# भ्रष्टाचार पर एसीबी का शिकंजा : तीन माह में 149 आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी राजस्थान राज्य के विभिन्न विभागों में फैले भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। पिछली तिमाही में ब्यूरो ने कई बड़े मामलों का खुलासा करते हुए बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी महानिदेशक पुलिस गोविन्द गुप्ता के अनुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, पंचायती राज विभाग, नगर निगम, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग और जल जीवन मिशन से जुड़े मामलों में कार्रवाई करते हुए कई प्रकरण दर्ज किए गए। इस दौरान भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में व्यापक जांच और ट्रैप कार्रवाई की गई। आंकड़ों के अनुसार पिछली तिमाही में एसीबी ने कुल 111 प्रकरण दर्ज कर 149 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें 68 ट्रैप कार्रवाई, 19 रिश्वत मांग के मामले, 8 आय से अधिक संपत्ति और 16 पद के दुरुपयोग से जुड़े प्रकरण शामिल हैं। एसीबी महानिदेशक के अनुसार 8 जनवरी 2026 को परिवहन विभाग से जुड़े प्रकरण में अधिकारियों-कर्मचारियों और निजी दलालों के 11 ठिकानों पर आकस्मिक तलाशी ली गई। 9 जनवरी को झालावाड़ में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता विष्णु चंद गोयल को 84 हजार रुपये कीमत का आईफोन रिश्वत में लेते हुए गिरफ्तार किया गया। 13 फरवरी को पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ सहायक शुभकरण परिहार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले में पांच ठिकानों पर सर्च की कार्रवाई की गई, जिसमें भारी नकदी, जेवरात और अचल संपत्तियों का खुलासा हुआ। 16 फरवरी को नगर निगम जयपुर की पशु प्रबंधन शाखा में संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र सिंह को चार लाख रुपये की रिश्वत लेते पकड़ा गया।

यह राशि पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश शर्मा और डॉ. राकेश कलोरिया के लिए ली जा रही थी। इसके अलावा 17 फरवरी को जल जीवन मिशन मामले में एसआईटी ने कार्रवाई करते हुए कई वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया। एसीबी ने इससे पहले 20 दिसंबर 2025 को अजमेर इकाई की कार्रवाई में हरियाणा के सिरसा साइबर क्राइम थाने के उप निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मियों को छह लाख रुपये की संदिग्ध रिश्वत राशि के साथ पकड़ा था। वहीं 15 दिसंबर 2025 को भीलवाड़ा में एक मेडिकल अधिकारी को 11 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। एसीबी का कहना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफयह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

ब्यूरो पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है।

## इस वर्ष गोकाष्ठ से करें होलिका दहन, पर्यावरण संरक्षण की ओर बढ़ाएं कदम

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग सीकर डॉ राजेन्द्र कृष्ण काला ने बताया कि प्रदेश में होलिका दहन सोमवार 2 मार्च को मनाया जायेगा। राजस्थान की गौशालाओं में आवासित गौवंश जिससे प्राप्त गौ उत्पाद पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए भी वरदान है का समुचित प्रयोग करके गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है। इस बार होलिका दहन गौकाष्ठ के अधिकाधिक उपयोग के लिए जिला, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सभी स्वयं सहायता समूहों एवं आमजनों को जोड़ा जायेंगे। जिससे कि सभी गौशालाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर प्रभावी कदम उठा सकें। इससे पर्यावरण संरक्षण, वातावरण शुद्धि के साथ प्रकृति की सुरक्षा भी होगी एवं पर्व का आध्यात्मिक महत्व भी बढ़ जाएगा एवं हजारों पेडों की कटाई को भी रोका जा सकेगा।

# गौड़ ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 मार्च को

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गौड़ ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 22 मार्च 2026 को गौड़ ब्राह्मण समाजोपयोगी भवन, भगवान परशुराम परिसर, सेक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर में किया जाएगा। अब तक हुए परिचय सम्मेलनों से अब तक 51 हजार से अधिक परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। इन सम्मेलनों में देश के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ विदेशों से भी प्रविष्टियां प्राप्त होती रही हैं। जो अभिभावक अपने पुत्र-पुत्री के लिए सुयोग्य वर-वधु की तलाश कर रहे हैं, उन्हें इस सम्मेलन का विशेष लाभ मिलेगा।

सम्मेलन में विदेशों में निवासरत परिवारों सहित सरकारी उच्च पदस्थ अधिकारी-कर्मचारी, एडवोकेट, डॉक्टर, इंजीनियर, नौकरीपेशा एवं व्यवसायी वर्ग के युवक-युवतियों के बायोडाटा उपलब्ध होंगे। इच्छुक अभिभावक निर्धारित प्रपत्र भरकर जमा करवाकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं। सम्मेलन के लिए आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 5 मार्च निर्धारित की गई है। प्राप्त सभी प्रपत्रों का संकलन महासभा द्वारा प्रकाशित युगल दर्पण पत्रिका में किया जाएगा। आवेदन प्रपत्र राजस्थान की सभी जिला एवं तहसील इकाइयों पर उपलब्ध हैंए जहां उन्हें जमा भी कराया जा सकता है।

# बिजली के क्षेत्र में क्षमताएं बढ़ाने पर विधायक मेघवाल ने दिया बल

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ऊर्जा विभाग की अनुदान मांगों पर विधानसभा में हुई चर्चा में भाग लेते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने सुजानगढ़ सहित प्रदेश की बिजली समस्याओं को उठाया और सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में जीएसएस बनाने की मांग की। इस दौरान विधायक ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन पीएम सूर्य घर जैसी योजनाओं की गति धीमी है। राज्य की 8 करोड़ आबादी और 2 करोड़ घरों के मुकाबले केवल 1:30 लाख घरों में सोलर पैनल लगना काफी कम है। उन्होंने राज्य के जीएसएस ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए भविष्य के लोड को संभालने के लिए विशेष रूप से 400केवी, और 220केवी, के जीएसएस का निर्माण करवाने की जरूरत बताई। विधायक ने सुजानगढ़ शहर में 132 केवीए का अतिरिक्त जीएसएस बनाने, कृषि कनेक्शनों के अधिक भार का उल्लेख करते हुए बीदासर एवं भाषीणा के 132 केवीए जीएसएस को 220 केवी, में अपग्रेड करने, सालासर और बीदासर रीको क्षेत्र में नए 33 केवी, जीएसएस बनाने की मांग की है। उन्होंने किसानों के बिजली कनेक्शन काटे जाने का विरोध करते हुए बिल वसूली का समय फसल कटने के बाद तय करने का सुझाव दिया। वीसीआर के नाम पर किसानों को निशाना बनाना बंद करने और चूरू जिले के उपभोक्ताओं की अपील की सुनवाई हनुमानगढ़ के बजाय चूरू में ही करने की मांग की। विधायक ने गर्मियों में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में होने वाली देरी 10-10 दिन पर चिंता जताते हुए विभाग को पर्याप्त ट्रांसफर्मर उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने घरेलू और कृषि फीडर को अलग करने के काम में तेजी लाने की मांग कीए ताकि बिजली चोरी रोकी जा सके और गांव वालों को कटौती से राहत मिले। उन्होंने ढाणियों में बिजली कनेक्शन देने के काम को जल्द पूरा करने का आग्रह किया।

# ग्रामीणों ने सौंपा एएसपी को ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गांव आसरासर के ग्रामीणों ने एएसपी दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंप कर गांव के कुछ युवकों द्वारा शराब पीकर गांव में उत्पात मचाने एवं ग्रामीणों को परेशान करने तथा एससीएसटी के झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया और राजूराम नायक आत्महत्या मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच करने की मांग की है। एएसपी ने मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसनाराम जाट, ओमप्रकाश नाई, मदन नायक, गजराज लांबा, रामूराम नायक, रूघाराम गोदारा, भारत सिंह, सोहन सिंह, रामेश्वरलाल जाट, जेठाराम नायक, रिछपाल नायक, गणेशाराम, श्रवणराम, किसानाराम नायक, तुलछा लुहार, देबूराम नायक, अर्जुनराम नायक, भंवरसिंह राठौड़ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

# प्राकृतिक खेती पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत चयनित क्लस्टर भोजासर ग्राम पंचायत में एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि अधिकारी सुनील कुमार ने किसानों को जीवामृत, ब्रह्मास्त्र और अग्निअस्त्र बनाने की विधियां सिखाई। सहायक कृषि अधिकारी अरविन्द सिहाग ने प्राकृतिक खेती के महत्व और विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कृषि पर्यवेक्षक अनामिका सहित सोहनलाल, जयपाल, सीताराम, भीमसिंह, सुमेश, नितिन, फूलचन्द व क्षेत्र के 40-50 किसानों ने भाग लिया।

# जिंदा व्यक्ति को मृत बताकर पैतृक संपत्ति हड़पने एवं स्त्रीधन को खुर्दबुर्द करने का आरोप

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** जिंदा व्यक्ति को मृत बताकर उसकी पैतृक संपत्ति को हड़पने एवं स्त्रीधन को खुर्दबुर्द करने का आरोप लगाते हुए 28 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस में न्यायालय के माध्यम से रतनगढ पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने न्यायालय से मिले इस्तगाशे के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बतया कि शहर की रहने वाली 28 वर्षीय साबिना पत्नी इमरान ने इस्तगाशे में आरोप लगाया है कि उसके पति अपने ताऊ मोहम्मद फारूक का दत्तक पुत्र है। उसकी शादी 22 अगस्त 2019 को हुई थी। शादी में दिया गया स्त्रीधन उसका ससुर फारूक, सास आबिदा ने ले लिया, जिसे इन लोगों ने अपनी बेटी व दामाद के साथ मिलकर खुर्द-बुर्द कर दिया। पैतृक संपत्ति को लेकर इन लोगों से विवाद होने पर इमरान अपने पिता मोहम्मद युनुस व माता जरीना के साथ रहने लगे। लेकिन ये लोग बार-बार प्रताड़ित करने लगे और जान से मरने की धमकी देने लगे। 2023 में जान से मारने की धमकी देकर इन लोगों ने उसके पति इमरान से कागजातों पर हस्ताक्षर करवा लिए। 2025 में उसका पति इमरान कमाने के लिए विदेश चला गया, तो पीछे से इन लोगों ने उसके पति को मृत बताकर फर्जी कागजात बना लिए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आज खेली जाएगी फुलों की होली

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** होली के उपलक्ष में तारानगर कस्बे के गढ़ चौक में स्थित लक्ष्मीनाथ मंदिर में 25 फरवरी को शाम सवा 8 बजे फुलों की होली खेली जाएगी। मंदिर के पुजारी रामलाल भोजक ने बताया कि वृंदावन के कलाकारों की ओर से फुलों की होली, नृत्य नाटिका एवं रासलीला आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# बालिकाओं को मिली साइकिल

निसं

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिले के उदयपुरवाटी उपखंड के ग्राम खोह के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को कक्षा 9 की 22 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान व्याख्याता राजकुमार पटिड़िया ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के बारे में अवगत करवाया। साइकिल वितरण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र प्रकाश आदित्य, सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल खल्वा और अन्य ग्रामवासियों उपस्थित रहे।

# दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री सैन भक्त मित्र मंडल के बैनर तले सर्वसमाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बीकानेर जिले में बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी निर्मम हत्या करने के मामले में अपराधियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है। इसी प्रकार पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी व एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग भी की गई है। मामले को फास्ट ट्रेक अदालत में चलाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौंपने से पहले लोगों ने न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष बजरंग गहलोत, मंत्री राजेश सैन, समाजसेवी विनोद गोठड़िया, बजरंगलाल सैन, रतनलाल सैन, वीरेंद्र गहलोत, छोटूलाल सैन, महेश, दशरथसिंह, मनीष गोठड़िया, केशुसिंह राजियासर, जुगलकिशोर मोयल, आदित्य भाटी, गोविंद गहलोत, अमरचंद, जीवणमल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



# हिमांशु व प्रशांत को मिली डॉक्टर की उपाधि

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कस्बे के हिमांशु शर्मा व प्रशांत शर्मा को डॉक्टर उपाधि लेने पर उपखंड अधिकारी अनिल कुमार द्वारा बधाइयां व शुभकामना दी गई। श्रीमाधोपुर कस्बे के वार्ड नंबर 20 के निवासी रामकरण शर्मा के पुत्र हिमांशु शर्मा व सत्यनारायण शर्मा के पुत्र प्रशांत शर्मा को वाचस्पति डॉक्टर उपाधि प्राप्त होने पर अनिल कुमार एसडीएम श्रीमाधोपुर द्वारा हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। साथ ही पुस्तक विरह का विमोचन किया गया।



# देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित सभी मंदिर आमजन के दर्शनों के लिए खुले हैं: कुमावत

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने मंगलवार को विधानसभा में कहा कि देवस्थान विभाग द्वारा 938 मंदिरों को प्रबंधित एवं नियंत्रित किया जाता है। ये सभी राजकीय मंदिर एवं देवालय आमजन के दर्शनों के लिए खुले हैं। उन्होंने कहा कि गत दो वर्ष से कोई मंदिर बंद नहीं है। देवस्थान मंत्री कुमावत प्रश्नकाल के दौरान सदस्य श्रीचन्द कृपलानी द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा के मांडल में स्थित देवनारायण मंदिर देवस्थान विभाग के अधीन नहीं है। मंदिर को रिसीवरी में लेने के बाद यहां सुरक्षा की दृष्टि से दीवार ऊंची कर गेट पर ताला लगाया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में एक वाद भीलवाड़ा के न्यायालय में लंबित है, जिसकी प्रथम सुनवाई 16 मई 2024 को हुई है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 मार्च 2026 को होगी। इस प्रकरण में अब तक 16 बार सुनवाई हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस प्रकरण में राज्य सरकार कोर्ट के निर्णय की पालना करेगी। मंत्री कुमावत ने बताया कि देवस्थान विभाग के अंतर्गत राजकीय प्रत्यक्ष श्रेणी के 390, आत्मनिर्भर श्रेणी के 203 तथा सुपुर्द श्रेणी के 343 मंदिर हैं। इसी प्रकार मंदिर मंडल अधिनियम के अंतर्गत, टेंपल बोर्ड के 2 मंदिर हैं। इन सभी मंदिरों का नियंत्रण, व्यवस्था, जिर्णोद्धार आदि कार्य विभाग द्वारा किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि अन्य मंदिरों में यह कार्य संस्थाओं, ट्रस्ट अथवा स्थानीय निवासियों द्वारा सामूहिक रूप से किए जाते हैं। इससे पहले विधायक कृपलानी के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में देवस्थान मंत्री ने बताया कि देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित ऐसे कोई भी राजकीय मंदिर तथा देवालय नहीं है जो 2 वर्ष से अधिक समय से आमजन के दर्शनों के लिए नहीं खोले गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि देवस्थान विभाग द्वारा प्रबंधित एवं नियंत्रित कोई भी राजकीय मंदिरध्देवालय बंद नहीं है। मंत्री कुमावत ने कहा कि देवस्थान विभाग के अधीन राजकीय मंदिर आमजन के लिए सदैव दर्शनों हेतु निर्धारित समय अनुसार खुले रहते हैं।

# मोदी पर एपस्टीन-अडाणी के केस का दबाव : राहुल

## पीएम ने अमेरिका से देश बेचने की डील की, भोपाल में कांग्रेस की किसान महाचौपाल

भोपाल।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका से देश बेचने की डील की। उन पर एपस्टीन और अडाणी के केस का दबाव है। इस वजह से उन्होंने हिंदुस्तान और किसानों का डेटा अमेरिका को बेच दिया। राहुल मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में बोल रहे थे। कांग्रेस ने भारत और अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील के विरोध में किसान चौपाल बुलाई थी। इस दौरान राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष को बोलने नहीं दिया गया। मैं चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर बात रखना चाहता था। राहुल ने कहा- मैंने लोकसभा में पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की बात रखी थी, उन्होंने अपनी किताब में लिखा है कि जब चीनी घुसपैठ हुई थी तो उन्हें हिंदुस्तान की सरकार ने अकेला छोड़ दिया।

### राहुल गांधी के भाषण की 5 बड़ी बातें

- मोदी ने बिना कैबिनेट से पूछे अमेरिका से डील की- प्रधानमंत्री ने लोकसभा से निकलते ही ट्रंप को फोन किया और बिना कैबिनेट से सलाह लिए डील के लिए तैयार होने की बात कह दी।
- किसानों और देश के हित से समझौता किया- सरकार ने अमेरिकी कंपनियों को भारत में सोया, कपास और भुट्टा बेचने की छूट देने की तैयारी कर ली है, जिससे भारतीय किसानों को नुकसान होगा।
- अमेरिका से ट्रेड डील दबाव में की गई - अमेरिका से ट्रेड डील दबाव और धमकी के कारण किया गया। एपस्टीन फाइल और अडाणी से जुड़े मामलों की वजह से सरकार झुकी।
- भारत को कुछ नहीं मिला, उल्टा नुकसान होगा - इस डील से भारत को कोई फायदा नहीं हुआ। भारत को ज्यादा टैक्स देना पड़ेगा और हर साल अमेरिका से भारी मात्रा में सामान खरीदना पड़ेगा।
- देश की इंडस्ट्री और टेक्सटाइल सेक्टर पर खतरा - अगर अमेरिका से कपास और अन्य सामान सस्ते में आएंगे, तो भारत की टेक्सटाइल इंडस्ट्री और स्थानीय उद्योग कमजोर हो जाएंगे।

### खड़गे के भाषण की 3 बड़ी बातें

प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए- अगर नाम बदलना ही राजनीति है तो प्रधानमंत्री को अपना नाम भी बदल लेना चाहिए, क्योंकि उनका जन्म कांग्रेस शासनकाल में हुआ था। उन्होंने मनरेगा समेत कई योजनाओं के नाम बदलने पर सवाल उठाए।

मोदी ट्रम्प के खिलाफ बोलने की हिम्मत नहीं रखते- प्रधानमंत्री अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से अपनी बात नहीं रख पाते और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर दबाव में फैसले लेते हैं।





### खड़गे बोले- मोदी ने किसानों के साथ छल किया

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी, सरेंडर मोदी हैं। उन्होंने देश को बेच दिया। किसानों के साथ छल किया। मोदीजी रोज उठकर चाय पर बात करते थे, तो क्या देश को बेचने की बात करते थे। मोदीजी कांग्रेस शासन में पैदा हुए, उन्हें अपना नाम बदल लेना चाहिए।

# रंग-बिरंगे फुलों और भजनों की मधुर धुनों में सजी राधा कृष्ण की झांकी

**जयपुर ( नवयत्न )।** सेवा के लिए समर्पित अर्हम फाउंडेशन द्वारा आयोजित फाग उत्सव बड़े ही उत्साह और भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। रंगों व आनंद के इस पर्व को सभी ने मिलकर मनाया। अंजू झालानी ने बताया कि सभी का गुलाल और चंदन लगाकर स्वागत किया गया। सभी ने चाय-नाश्ते का आनंद लिया। शिल्पा बंसल और रीना अग्रवाल ने राधा-कृष्ण के रूप में सुंदर प्रस्तुति दी। मधु मालपानी और नीलम ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था और सुंदर सजावट करा कर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही राधा कृष्ण मंडली द्वारा प्रस्तुत भक्ति संगीत एवं सुंदर धार्मिक प्रस्तुति, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। उपस्थित सभी श्रद्धालु अपने-अपने लड्डू गोपाल जी को साथ लेकर आए और उनके संग फाग उत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान सभी ने फुलों की होली खेली और प्रेम, सौहार्द एवं उल्लास का संदेश दिया। रंग-बिरंगे फुलों और भजनों की मधुर धुनों के बीच पूरा परिसर भक्तिरस में सराबोर रहा। अर्हम फाउंडेशन के द्वारा सभी के लिए स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई। सफल आयोजन के साथ यह उत्सव आपसी एकता, श्रद्धा और आनंद का सुंदर प्रतीक बनकर सम्पन्न हुआ।

# एसी आउटर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने कालवाड़ रोड स्थित एक हेयर ड्रेसर शॉप के बाहर से एसी आउटर और वायरिंग चोरी करने के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया सामान और वारदात में प्रयुक्त टैम्पो भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार कालवाड़ रोड स्थित नेक्सस बार्बर लॉज के बाहर लगे एसी आउटर और वायरिंग को अज्ञात चोर रात के समय चोरी कर ले गए थे। परिवादी बाबूलाल सैन ने इस संबंध में करधनी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि रात करीब 1 से 4 बजे के बीच टेम्पो में आए चोर दुकान के बाहर लगे दो एसी आउटर और फिटिंग वायरिंग उखाड़कर ले गए। मामला दर्ज होने के बाद थाना करधनी के थानाधिकारी सवाई सिंह के निर्देशन में टीम गठित की गई। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और संदिग्धों की पहचान कर कार्रवाई की। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम हनुमान प्रसाद ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्की परेवा 21 निवासी मंशारामपुरा, थाना खोराबीसल और फारूख खान 29 निवासी नारायणपुरी, थाना झोटवाड़ा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए दोनों एसी आउटर, वायरिंग सामग्री और वारदात में इस्तेमाल किया गया टाटा ऐस टैम्पो बरामद किया है।

## कार्यालय नगरपालिका रामगढ-शेखावाटी जिला सीकर (राज.)

बाईपास न्यू बस स्टेण्ड रोड, Ph-1571240246 ramgarh.jaipur@gmail.com

क्रमांकः– न.पा.रा / 25–26 / 981 दिनांक :–18.02.2026

**निविदा सूचना 2025–26/36**

एदत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका रामगढ शेखावाटी द्वारा सक्षम श्रेणी मे पंजिकृत संवेदको से निविदा दरें आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी लोक उपापन पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर NIB Code DLB2526B1843 Bid Title / (UBN) DLB2526WSOB34862 एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

नोटः– निविदा में RTPP Act 2012 & Rules 2013 के नियम लागु होगे।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगढ (सीकर)

राज.संवाद / सी / 25 / 21045

राजस्थान राजपत्र विशेषांक साधिकार प्रकाशित | RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary Published by Authority

माघ 22, बुधवार, शाके 1947– फरवरी 11, 2026
Magha 22, Wednesday, Saka 1947- February 11, 2026

भाग–6(ख)
जिला बोर्डों, परिषदों एवं नगर आयोजना संबंधी, विज्ञप्तियां आदि
कार्यालय नगर विकास न्यास, सीकर
प्रारंभिक अधिसूचना
सीकर, दिसम्बर 17, 2025
नगर विकास न्यास विभाग
फार्म–7

(अन्तर्गत भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का अधिनियम संख्या 30) की धारा 11(1) एवं राजस्थान नियम 16(1)

**संख्या न.वि.न्या. / राजस्व / 2025 / :–** चूंकि ऐसा प्रतीत है कि लोक प्रयोजन के लिए जिला सीकर की सीकर तहसील में राजस्व ग्राम गोकुलपुरा में प्रस्तावित सीकर मास्टर–प्लान 2031 के अन्तर्गत 30 मीटर चौडी सड़क रीको से बीकानेर बाईपास तक निर्माण के लिये कुल भूमि 0.0387 हैक्टेयर भूमि अपेक्षित है। सामाजिक समाघात मूल्यांकन अध्ययन (एसआईए) के संबंध में नगरीय विकास विभाग के पत्र सं. प.2(02)नविवि / सीकर / 2025 राजकाज रेफरेंस सं. 19419011 दिनांक 16.12.2025 के द्वारा राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार नियम 2016 के नियम 9 के अधीन सामाजिक समाघात निर्धारण से छूट की सक्षम स्वीकृति प्राप्त हुई है। अतः सीकर जिले की तहसील सीकर के ग्राम गोकुलपुरा में उक्त परियोजना के लिए निजी भूमि 0.0387 हैक्टेयर जिसका विवरण निम्नानुसार है, का अर्जन किया जाता है।

| क्र.स. | नाम ग्राम | खसरा न. | भूमि किस्म | रकबा | नाम खातेदार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गोकुलपुरा | 2100 / 1814 | बारानी 1 | 0.0387 हैक्टेयर | कमला पुत्री भगवानाराम जाति जाट सा.देह. |

भूमि की योजना का निरीक्षण सचिव नगर विकास न्यास सीकर एवं सक्षम प्राधिकारी भूमि अवाप्ति अधिकारी नगर विकास न्यास सीकर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में किया जा सकता है।

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 70 द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुये सचिव नगर विकास न्यास सीकर के अधीनस्थ स्टाफ को अपने श्रमिकों सहित यदि कोई हो, को प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने तथा तलमापन करने अवमृदा के भीतर खोदने या भेदन करने तथा समस्त कार्य जो धारा 12 में वर्णित है को करने के लिए प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति प्रश्नगत भूमि के क्रय / विक्रय संबंधी कार्य इस अधिसूचना के जारी होने के पश्चात बिना जिला कलक्टर की पूर्वानुमति के नहीं करेगा।

इस अधिसूचना के प्रकाशन के 60 दिवस में यदि किसी हितबद्ध पक्षकार को भूमि अर्जन को लेकर कोई आपति हो तो अधिनियम की धारा 15 के अन्तर्गत भूमि अवाप्ति अधिकारी नगर विकास न्यास सीकर के समक्ष प्रस्तुत करें।

सचिव,
नगर विकास न्यास, सीकर।

राज.संवाद / सी / 25 / 21139

# हेलमेट पुलिस से बचने के लिए नहीं आपकी जिंदगी बचाने के लिए है

नवयत्न/एकलव्य शेखावत।



अगर आप सड़कों को ध्यान से देखें, तो आपको एक अजीब बात नजर आएगी। कई युवा राइडर्स केवल तब हेलमेट पहनते हैं जब उन्हें पास में पुलिस दिखाई देती है। जैसे ही वे चेकिंग पॉइंट पार करते हैं, हेलमेट तुरंत उतर जाता है। आज बहुत से लोगों के लिए हेलमेट कोई सुरक्षा उपकरण नहीं रह गया है। वह सिर्फ पुलिस और जुर्माने से बचने का एक तरीका बन गया है। यह सोच सच में चिंताजनक है। हेलमेट आपको पुलिस से नहीं बल्कि गंभीर चोट या मौत से बचाने के लिए होता है। भारत में हर साल सड़क दुर्घटनाओं में हजारों लोगों की जान चली जाती है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार हर वर्ष 1.7 लाख से अधिक लोग सड़क हादसों में मारे जाते हैं। इनमें बड़ी संख्या दुपहिया वाहन चालकों की होती है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि भारत में हर दिन लगभग 150 से 200 लोग दुपहिया दुर्घटनाओं में जान गंवा देते हैं, जिनमें से कई ने हेलमेट नहीं पहना होता। ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं। ये असली लोग हैं, जिनके घर पर उनके परिवार वाले उनका इंतजार कर रहे होते हैं। फिर भी कई युवा सोचते हैं, मैं तो बस पास ही जा रहा हूँ या यहाँ पुलिस नहीं है, हेलमेट क्यों पहनूँ ? लेकिन हादसे दूरी देखकर नहीं होते। दुर्घटना आपके घर से कुछ ही मीटर की दूरी पर भी हो सकती है। मैंने खुद यह अनुभव किया है। एक बार मैं हेलमेट पहनकर जा रहा था जबकि आसपास कोई पुलिस नहीं थी। मेरे दोस्तों ने हँसते हुए कहा हेलमेट क्यों पहना है ? यहाँ कोई चेकिंग नहीं है। उस पल मैंने सोचा– कब अपनी जान बचाने वाली चीज पहनना मज़ाक बन गया ? कुछ लोगों को लगता है कि बिना हेलमेट वे ज्यादा कूल दिखते हैं। कुछ को लगता है कि इससे उनका हेयरस्टाइल खराब हो जाता है। कुछ को बस लगता है कि उनके साथ कुछ नहीं होगा लेकिन एक छोटी सी गलती और सब कुछ कुछ ही सेकंड में बदल सकता है। सच्चाई यह है कि भारत की सड़कें हमेशा सुरक्षित नहीं होतीं। कहीं सड़कें टूटी होती हैं, कहीं लोग लापरवाही से गाड़ी चलाते हैं और कहीं नियमों की अनदेखी की जाती है। ऐसे में हेलमेट पहनना कोई विकल्प नहीं है, यह जरूरी है। हाँ सख्त नियम और बेहतर निगरानी जैसे सीसीटीवी कैमरे मदद कर सकते हैं। पुलिस हर जगह मौजूद नहीं हो सकती। अगर जुर्माने और सख्त हो, तो शायद लोग इसे गंभीरता से लें लेकिन असली बदलाव सजा के डर से नहीं आना चाहिए। वह जीवन के महत्व को समझने से आना चाहिए। हेलमेट पहनना एक आदत बनना चाहिए। न कि इसलिए कि पुलिस देख रही है। न इसलिए कि आप जुर्माना नहीं देना चाहते। बल्कि इसलिए कि आपकी जिंदगी कीमती है। चाहे आप लंबी यात्रा पर जा रहे हो या पास की दुकान तक, अपने लिए एक नियम बना लें नो हेलमेट, नो राइड, आइए सुरक्षा का मज़ाक बनाना बंद



करें। यह सोचना बंद करें कि हेलमेट सिर्फपुलिस और जुर्माने से बचने के लिए है।

हेलमेट आपके सिर के लिए है। आपके भविष्य के लिए है। उन लोगों के लिए है जो आपसे प्यार करते हैं। अगली बार जब आप अपनी बाइक स्टार्ट करें, तो बस इतना याद रखें – कोई आपका घर पर इंतजार कर रहा है। हेलमेट पहनिए। पुलिस के लिए नहीं। अपनी जिंदगी के लिए।

## साहित्य के मोती घर घर की मुस्कान बेटियां

नवयत्न।

घर घर की मुस्कान बेटियां।
करती जग में नाम बेटियां।

नहीं किसी से पीछे रहती
शीर्ष पदों पर आज बेटियां।

तुलसी बिरवा के सम जानो,
घर आँगन की शान बेटियां।

दुनियां में परचम लहराती,
करें देश में नाम बेटियां।

अपना फर्ज निभाएं हरदम,
दो कुल की पहचान बेटियां।

धर्म ग्रंथ कहते हैं सारे,
सकल गुणों की खान बेटियां।

जल दल नभ में, भरें उड़ाने,
आन बान शुचि शान बेटियां।



लेखक–
संत कुमार सारथि,
नवलगढ़

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड नीम का थाना

(दूरभाष संख्या 01574–230162, ई–मेल xenphednkt@gmail.com)

क्रमांक : एफ ( ) निविदा/2025–26/5908–5917 दिनांक:–18.02.2026

**ई–निविदा सूचना संख्या : 92/2025–26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड के अधीन ई–निविदा सं. 92/2025–26 आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 18.02.2026 प्रातः 11:00 बजे से 24.02.2026 सायं 06:00 बजे तक विभागीय वेबसाइट से डाउनलोड कर 24.02.2026 सायं 06:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है एवं दिनांक 25.02.2026 प्रातः 11:00 बजे से खोली जायेगी। ई–टेन्डरिंग से सम्बन्धित अन्य आवश्यक विवरण विभाग की वेब साइट dipronline.com, http://sppp.raj.nic.in पर देखे जा सकते है। विभिन्न शर्तों सहित जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, राजस्थान, जयपुर में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों तथा पूर्व सक्षम स्वीकृति उपरान्त अन्य विभागों में पंजीकृत इन कार्यों में अनुभवी संवदेकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेन्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा भाग ले सकते है। इच्छुक संवेदको को ई–निविदा में भाग लेने हेतु वेब साईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है।

NIB No- PHE2526A6705

| NIT No. | UBN No. |
|---|---|
| 92/2025-26 | PHE2526WSOB14509 |

**( अनिल कुमार जाखड़ )**
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग
खण्ड नीमकाथाना

DIPR/C/3906/2026

## कार्यालय ग्राम पंचायत किठाना पं.स. चिड़ावा, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025–26/103 दिनांक :– 24.02.2026

**ई–निविदा सूचना 05/2025–26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति चिड़ावा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत किठाना में कमल सिंह राजपूत के घर से बुद्धराम खाती के घर की ओर इन्टरलोक सड़क व सीसी नाला निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। जिनकी अनुमानित लागत 9.53 लाख रूपये है के लिए दर अनुबंध करने हेतु निम्नानुसार निविदाऐं आमंत्रित की जाती है।

| निविदा संख्या | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|
| 05 | ZJU2526A0789 | ZJU2526WSRC01347 | 2026_PRD_541785_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत किठाना से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत किठाना
पं.स. चिड़ावा (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत किठाना
पं.स. चिड़ावा(झुंझुनू)

# मारपीट का मामला दर्ज

निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ तहसील के गांव मेलूसर में फर्नीचर फैक्ट्री के संचालकों ने घर में घुसकर मारपीट की तथ महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार राकेश पुत्र बाबूलाल गुर्जर ने रिपोर्ट दी कि उसके घर के पास सांवरमल जांगिड़ की फर्नीचर की फैक्ट्री है। सांवरमल के तीन पुत्र भंवरलाल, विजय व मुरारी ने उसके घर में घुसकर उसे जान से मारने का प्रयास करते हुए मारपीट की। पत्नी व मां के साथ अभद्र व्यवहार किया। रविवार की रात फिर वे लोग उसके घर में घुस गए तथा मारपीट की। रिपोर्ट में लिखा है कि ये लोग किसी न किसी बात को लेकर हर दिन उससे झगड़ा करने का प्रयास करते रहते हैं।

## कार्यालय ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां पं.स. नवलगढ़, जिला झुन्झुनूं

क्रमांक : ग्रा.प./लेखा/निविदा/2025–26/184 दिनांक :– 23.02.2026

**ई–निविदा सूचना 06/2025–26**

कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधीनस्थ ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां में राजकीय विद्यालय में 2 कमरों का निर्माण कार्य हेतु राजस्थान पंचायतीराज नियम 1996 के नियमों के तहत नियम 181 में ग्राम पंचायत स्तर पर इच्छुक संवेदकों/निविदादाताओं से जी.एस.टी. पंजीकृत एवं सक्षम श्रेणी में पंचायतीराज विभाग, राजकीय विभाग एवं राजकीय उपक्रम में पंजिकृत फर्मों/संवेदकों से निर्माण कार्य करने हेतु ई निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन डाउनलोड करने की तिथि व समय | 24–02–2026, प्रातः 10:00 बजे से 05–03–2026, सांय 6:00 बजे तक। |
| निविदा ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | 05–03–2026 सायं 6:00 बजे तक। |
| दस्तावेज भौतिक रूप से जमा कराने की तिथि व समय | 06–03–2026 दोपहर 12:00 बजे तक। |
| आनलाईन निविदा खोलने की तिथि व समय | 06–03–2026 दोपहर 02:00 बजे। |

| ई–निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित राशि लाखों में | NIB CODE | UBN CODE | TENDER ID |
|---|---|---|---|---|---|
| 6 | ग्राम तोगड़ा कलां में राजकीय विद्यालय में 2 कमरों का निर्माण | 13.20 | ZJU2526A0790 | ZJU2526WSOB 01348 | 2026_PRD_ 541815_1 |

निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां से व्यक्तिशः अथवा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल एवं http://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत तोगड़ा कलां
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## सार्वजनिक सूचना
## न्यायालय ए.सी.एम. महोदय, झुन्झुनू (राज.)

**कुरडाराम पुत्र श्री रामकुमार उर्फ रामकुवार, उम्र 65 वर्ष, जाति ब्राह्मण, निवासी ग्राम अजाड़ी खुर्द, तहसील व जिला झुन्झुनू ( राज. ) हाल निवासी आया नगर, दिल्ली।**

**– वादी**

**बनाम**

1. राजकुमार उर्फ राजेन्द्र कुमार पुत्र केदरमल, जाति ब्राह्मण, निवासी ग्राम दुड़िया, तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुन्झुनू (राज.)
2. अंजनी पुत्री धन्नाराम
3. अमीत कुमार पुत्र जगदेव सिंह
4. अशोक कुमार पुत्र मुलचन्द
5. इन्द्रमणी पत्नी स्व. मुलचन्द
6. इन्द्राज पुत्र नाराणा
7. इन्द्राज पुत्र मुखा
8. उर्मिला पुत्री मुलचन्द
9. ओमप्रकाश पुत्र बिड़दीचन्द
10. ओमप्रकाश पुत्र हनुमान
11. कमला पत्नी धोकल
12. कमला पुत्री धन्नाराम
13. कमला पुत्री रामेश्वर
14. कुरडा पुत्र कालु
15 केशर पुत्र कालु
16. कालु पुत्र नारायणा
17. ख्यालीराम पुत्र हरलाल
18. गंगा देवी पुत्री महादा
19. गुलझारी पुत्र कालु
20. चौथू पुत्र मुखा
21. छोटी पुत्री धन्नाराम
22. छोटी पुत्री धोकल
23. जगदीश पुत्र भानाराम
24. जगलाल पुत्र कालुराम
25. जड़ाई देवी पत्नी स्व. कालुराम
26. जर्मन पुत्र सुलतान
27. जीता पुत्र मुखा
28. झुथाराम पुत्र धन्नाराम
29. झाबर पुत्र नाराणा
30. झीमकोरी पुत्री धन्नाराम
31. ताराचन्द पुत्र कालु
32. ताराचन्द पुत्र हरलाल
33. दुर्गा पुत्र झुथाराम
34. दुर्गा पुत्र सुलतान
35. दुर्गा प्रसाद पुत्र झुथाराम
36. दानू पुत्र बीजा
37. धापा पुत्री नाराणा
38. नाराणा पुत्र किशना
39. पतासी देवी पत्नी महादा
40. प्रभा देवी पुत्री महादा
41. प्रहलाद राय पुत्र कालुराम
42. फुलचन्द पुत्र भानाराम
43. फुलचन्द पुत्र बिन्जा
44. बन्शीधर पुत्र धोकल
45. बनारसी देवी पत्नी रामेश्वर
46. बरजी पुत्री धन्नाराम
47. बालु पुत्र सुरजा
48. बिरबुल पुत्र गणपतराम
49 भगवान सिंह पुत्र गणपतराम
50. भगवाना पुत्र भानाराम
51. भगवाना पुत्र गोविन्दा
52. भूरा पुत्र नारायण
53. भागू पुत्र सुरजा
54. भागीरथ मल पुत्र कालुराम
55. मदन पुत्र हनुमान
56 मंजू देवी पत्नी कालु
57. मनभरी पुत्री धोकल
58. मनी देवी पत्नी रामेश्वर
59. मनीराम पुत्र रामेश्वर
60. मनोहर पुत्र भगवाना
61. मनोहरी पुत्री नाराणा
62. महेन्द्र पुत्र सुलतान
63. महावीर पुत्र सुलतान
64. मोहन पुत्र गणपतराम
65. मोहनराम पुत्र भानाराम
66. मोहनी पुत्री कालू
67. रूकमा देवी पुत्री रामेश्वर
68. रतीराम पुत्र कालु
69. राकेश कुमार पुत्र कालुराम
70. राजेश कुमार बागड़वा पुत्र रामेश्वरलाल
71. रामकुवार पुत्र महादेव
72. रामचन्द्र पुत्र तिलोका
73. रामनिवास पुत्र धोकल
74. रामनिवास पुत्र सुलतान
75. रामेश्वर पुत्र भानाराम
76. रामस्वरूप पुत्र गणपतराम
77. विजेन्द्र पुत्र गिरधारी
78. विजेन्द्र सिंह पुत्र बिड़दीचन्द
79. विधाधर पुत्र हनुमान
80. विधाधर पुत्र कालु
81. विनोद कुमार पुत्र कालुराम
82. श्रवणी पुत्री कालु
83. श्रवणी पुत्री धन्नाराम
84. श्रीचन्द पत्र सुलतान
85. श्रीपाल पुत्र हनुमान
86 श्री राम पुत्र महादेव
87. शांति पुत्री धोकल
88. शांती देवी पुत्री कालु
89. शारदा पुत्री धोकल
90. शिवनाथ पुत्र सुरजा
91. शीशपाल पुत्र धोकल
92. शीशराम पुत्र नाराणा
93. सुखदेवा पुत्र झुथाराम
94. संगीता पुत्री मुलचन्द
95. सजना पुत्री धन्नाराम
96. सतवीर पुत्री बिड़दीचन्द
97. संतोष पुत्री नाराणा
98. सुनिल कुमार पुत्र मुलचन्द
99. सुभाष पुत्र महादेव
100. सुभिता पुत्री कालुराम
101. सुमित्रा पुत्री रामेश्वर
102. सुरेन्द्र कुमार पुत्र गणतराम
103. सुरेश पुत्र हरलाल
104. सरोज पुत्री मुलचन्द
105. सरोज पुत्री कालुराम
106. सुलतान पुत्र मुखा
107. सुलतान पुत्र बिन्जा
108. सुशीला देवी पुत्री रामेश्वर
109. सोहनलाल पुत्र नारणा
110. हरफुल पुत्र नाराणा
111. हरीराम सिंह पुत्र गणपतराम
112. होशियार पुत्र धोकल

–जाति समस्त जाट, निवासीगण दुड़िया, तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुन्झुनू (राज.)

113. लेण्ड होल्डर तहसीलदार, गुढ़ा गौड़जी, तहसील गुढ़ा गौड़जी, जिला झुंझुनू (राज.)

–प्रतिवादीगण

**दावा बाबत घोषणार्थ विभाजन व स्थायी निषेधाज्ञा**
**सार्वजनिक सूचना**

उपरोक्त वादी ने न्यायालय में दावा सं. 116/2024 उनवानी कुरडाराम बनाम राजकुमार वगैरह न्यायालय, ए.सी.एम. साहब, झुन्झुनू में प्रस्तुत कर रखा है। अतः आप प्रतिवादीगण को सूचित किया जाता है कि वाद पत्र में किसी को किसी प्रकार की आपत्ति या एतराज हो तो स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 18.03.2026 को उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा वादी द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र प्रतिवादीगण की अनुपस्थिति मानकर वाद पत्र का निस्तारण किया जायेगा। बाद आदेश कोई एतराज समाहत नहीं किये जायेंगे। आज दिनांक 446/ 23/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर कार्यालय से जारी किया गया है।

*न्यायालय के आदेश से*
*न्यायालय ए.सी.एम. साहब*
*झुन्झुनू*

## महिलाओं को किया जागरूक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** महिला अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं योजना के अंतर्गत ब्लॉक धोद की ग्राम पंचायत सीहोट बड़ी में ग्राम पंचायत स्तरीय नारी चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत सीहोट बड़ी की ग्रामसाथिन चाँद कंवर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक महिला अधिकारिता विभाग ब्लॉक धोद सुनीता चौधरी ने नारी चौपाल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस मंच के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं उनके अधिकारों, महिला सुरक्षा, बाल विवाह रोकथाम, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाती है। उन्होंने महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वरोजगार से जुड़ी योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनकर समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। महिलाओं ने नारी चौपाल में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महिला अधिकारिता विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर इस प्रकार की नारी चौपाल का नियमित आयोजन किया जा रहा है, जिससे महिलाओं में जागरूकता बढ़े एवं वे शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

## होलाष्टक : शुभ एवं मांगलिक कार्यों पर लगी रोक

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि से मंगलवार से होलाष्टक प्रारंभ हो गए हैं, जो 2 मार्च की रात्रि को होलिका दहन के साथ संपन्न होंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह आठ दिवसीय अवधि विशेष आध्यात्मिक महत्व रखती है। इस दौरान शुभ एवं मांगलिक कार्यों जैसे विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन आदि पर रोक रहती है। ज्योतिषीय मान्यता के अनुसार होलाष्टक के दौरान आठों ग्रह उग्र अवस्था में माने जाते हैं। अष्टमी तिथि को चंद्रमा, नवमी को सूर्य, दशमी को शनि, एकादशी को शुक्र, द्वादशी को गुरु, त्रयोदशी को बुध, चतुर्दशी को मंगल तथा पूर्णिमा को राहु का प्रभाव अधिक रहता है। इस कारण इस अवधि में नकारात्मक ऊर्जा की वृद्धि की संभावना मानी जाती है। धार्मिक दृष्टि से होलाष्टक के दिनों में भगवान की आराधना, हवन-पूजन, मंत्र जाप एवं सेवा कार्यों का विशेष महत्व बताया गया है। जरूरतमंद लोगों को अन्न, वस्त्र एवं धन का दान करना पुण्यदायक माना जाता है, जिससे जीवन में सुख-शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। श्रद्धालुओं को इस अवधि में भक्ति, साधना और धार्मिक अनुष्ठानों में समय देने की प्रेरणा दी गई है। ज्योतिषाचार्य बनवारी लाल शर्मा के अनुसार होलाष्टक के समय सभी प्रमुख ग्रहों के उग्र प्रभाव के कारण मांगलिक कार्यों से बचना चाहिए तथा आध्यात्मिक साधना और सेवा कार्यों को प्राथमिकता देना लाभकारी माना जाता है। परंपरागत रूप से इस अवधि में यात्राएं टालने तथा नवविवाहिताओं को मायके में रहने की सलाह भी दी जाती रही है।

## छोटीकाशी के प्रमुख मंदिरों में वितरित होगी नौ मण गुलाल

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** इस बार छोटीकाशी के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं को नौ मण गुलाल वितरित की जाएगी। श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति की ओर से संत अमरनाथ महाराज के सानिध्य में श्री भन्दे बालाजी धाम स्थित सिद्ध धूणी पर श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा के सामूहिक नौ पाठ कर नौ मण गुलाल को अभिमंत्रित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। श्रद्धालुओं ने सियाराम के जप के साथ गुलाल की पोटली को सिर पर धारण कर धूणे की 108 परिक्रमा लगाई। यह अभिमंत्रित गुलाल आगामी होली पूजन के लिए जयपुर के प्रमुख मंदिरों में, अर्थ सहित हनुमान चालीसा पुस्तकों के साथ श्रद्धालुओं को वितरित की जाएगी। संत अमरनाथ महाराज ने बताया कि आध्यात्मिक दृष्टि से नौ संख्या का विशेष महत्व बताया गया है। नौ को पूर्णता का प्रतीक माना जाता है। नौ निधियां, नौ दुर्गा, नौ ग्रह है। इसी भाव को ध्यान में रखते हुए नौ मण गुलाल को अभिमंत्रित किया गया। कैलाश कुमावत ने बताया कि कार्यक्रम में समिति के सदस्य श्याम सुंदर मोसून, महेश बंब, सरदार राजन सिंह, बिरदी चंद जांगिड़, रामस्वरूप यादव, बिरदी चंद दम्बीवाल, महेंद्र बड़ीवाल, महेश कुमावत, पंकज शर्मा, लालाराम चौधरी, रविंद्र खंगारोत, सुरेंद्र कुमावत, प्रदीप मेघवानी, रामावतार पालीवाल, हीरालाल, सुनील जैन, रामलाल कुमावत, मुकेश कुमावत सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## बाल विवाह मुक्त भारत शपथ एवं बालिका जन्मोत्सव मनाया

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** फतेहपुर की बांठोद ग्राम पंचायत में सजग लाडो अभियान अंतर्गत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा नारी चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग के ब्लॉक पर्यवेक्षक तारा चन्द जान्दु, महिला अधिकारिता विभाग सीकर से जेंडर स्पेशलिस्ट प्रकाश चन्द्र प्रशासक बिमला देवी, लिपिक विनोद देवी, अध्यापिका कमला, सरिता, ममता, साथिन तुलसी देवी, महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र फतेहपुर के काउंसलर सविता एवं उषा जांगिड़ एवं ग्राम पंचायत बांठोद की सम्मानित महिला शक्ति उपस्थित रहें। इस अवसर पर ब्लॉक पर्यवेक्षक तारा चन्द जान्दु ने नारी चौपाल आयोजन के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग एवं राज्य सरकार की विभिन्न महिला हितार्थ योजनाओं के बारें में उपस्थित बालिकाओं एवं महिलाओं को जानकारी देकर जागरूक किया।

जेंडर स्पेशलिस्ट प्रकाश चन्द ने उपस्थित महिलाओं को घरेलु हिंसा, बाल विवाह मुक्त अभियान के बारे में जानकारी देकर महिला संरक्षण के बारे में जागरूक किया। महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र फतेहपुर की कांउसलर ने इस अवसर पर केन्द्र द्वारा महिला सहायतार्थ किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी देकर बताया। इस अवसर पर बांठोद ग्राम पंचायत की लाडली नन्हीं बालिकाओं के लिए भव्य बेटी जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बालिकाओं से केक कटवाया गया तथा बालिकाओं एवं उनकी माताओं को शॉल एवं बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

बेटी जन्मोत्सव आयोजन का महत्व स्थानीय स्तर पर बालिकाओं के जन्म के प्रति सहज वातावरण निर्माण को प्रोत्साहन देना है, जिससे आमजन के मन में बालक बालिका जन्म में कोई भेदभाव न रहे। इस अवसर पर उपस्थित प्रतिभागीयों द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ ली तथा भविष्य में किसी भी प्रकार के बाल विवाह आयोजन के प्रति आवाज उठाने का संकल्प लिया।

# तीन दिवसीय शिविर में हजारों की संख्या में दिव्यांग हुए लाभान्वित

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल सनराइज अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व लावरेश्वर महादेव मंदिर के सहयोग से सामाजिक न्याय अधिकारिता विभाग एवं महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर के संयुक्त तत्वाधान में तीन दिवसीय शिविर का समापन हुआ, मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर अरुण कुमार गर्ग विशिष्ट अतिथि राजकुमार अग्रवाल एवं सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, देवकीनंदन तुलसियान थे, संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि दिव्यांगों को 14 कृत्रिम हाथ, 58 पेर 90 ट्राई साइकिल 84 कैलिपर्स 10 ब्लाइंड स्मार्ट छड़ी 126 व्हीलचेयर 111 बुजुर्ग छड़ी 292 कान की सुनने की मशीन, 52 बैसाखीयां 54 वॉकर 52 शूज, 11एल्बो क्रच, कूल 902 उपकरण वितरण किये, दिव्यांगों को उपकरण लेने के बाद भारी खुशियां उनके चेहरों पर मुस्कान का कोई ठिकाना नहीं था, भवन एवं भोजन आवास व्यवस्था लावरेश्वर मंदिर मंदिर ट्रस्ट की ओर से की गई, लाभार्थी व उनके परिजनों के लिए शुद्ध सात्विक भोजन की व्यवस्था बाल गोविंद इंडस्ट्रीज सुरेंद्र कुमार मोहनलाल अग्रवाल द्वारा की गई, चाय की व्यवस्था विश्वनाथ सोनी द्वारा की गई, उपरोक्त समस्त शिविर की व्यवस्थाएं संस्था के मेंबर्स द्वारा की गई, जिला कलेक्टर महोदय ने समस्त संस्थाओं की भूरी भूरी प्रशंसा की, लाभार्थियों से सरकार द्वारा की जाने वाली योजनाओं के बारे में चर्चाएं कीए महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त सचिव सुरेश मेहरा व सामाजिक न्याय एवं अधिकारीता विभाग के उप निदेशक पवन कुमार पुनिया, डॉ एस एन शुक्ला, महेश कुमार मूंड, नागरमल जांगिड़, सुभाष चंद्र जोशी, राजदीप महर्षि, सीताराम सैनी, सूमेर सिंह कर्णावत, श्रवण कुमार गोयनका, विजय कुमार सराफ, मोहनलाल कंदोई, ओमप्रकाश ककराणीया, प्रदीप कुमार शुक्ला, महावीर प्रसाद सैनी, अकराज कुरैशी, बिहारी लाल सैनी, कंचन शर्मा, रामगोपाल शर्मा, प्रमिला शर्मा, प्रीतमसिंह, डॉ राकेश शर्मा, डॉ महेश कुमार झाझरिया, रमजान टेलर, डॉ मनोज शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, रमेश शर्मा, हरीश खेतान, पवन कुमार खेतान, चंद्र प्रकाश शुक्ला, राजेंद्र प्रसाद जोशी, काफी संख्या में गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## खेजड़ी की हरी लकड़ियों से भरी 8 पिकअप जब्त



निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** जिले की हमीरवास थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए खेजड़ी की हरी लकड़ियों से भरी आठ पिकअप गाड़ियों को जब्त किया है। प्रशिक्षु डीएसपी विनोद नैन ने बताया कि यह कार्रवाई आईपीएस अभिजीत पाटिल के सुपरविजन में की गई। पुलिस द्वारा इलाके में नाकाबंदी की गई थी , इसी दौरान कुछ पिकअप गाड़ियां ऊपर तरपाल डालकर आती हुई दिखाई दीं। पुलिस ने जब पिकअप चालकों को रोकने का इशारा किया तो उन्होंने नाकाबंदी तोड़ते हुए भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर सभी गाड़ियों को पकड़ लिया। जांच के दौरान पिकअप गाड़ियों में खेजड़ी की हरी लकड़ियां भरी हुई पाई गईं। पुलिस के अनुसार, इलाके में हरे पेड़ों को काटकर यह लकड़ियां हरियाणा ले जाई जा रही थीं, जहां इन्हें बेचा जाना था। पुलिस ने सभी गाड़ियों को जब्त कर मामला दर्ज कर लिया है तथा पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है।

## द रॉयल ट्रीट रेस्टोरेंट एंड होटल का हुआ शुभारम्भ



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे के नोखा-सीकर रोड पर सोमवार देर शाम शहर के खान-पान और आवास सुविधाओं में नया अध्याय जोड़ते हुए द रॉयल ट्रीट रेस्टोरेंट एंड होटल का भव्य शुभारंभ समारोह संपन्न हुआ। इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्र की कई गणमान्य हस्तियों ने शिरकत की और संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। होटल का विधिवत उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मवीर पुजारी, मनोज बाणेज, आबकारी निरीक्षक सुभाष गोदारा और सोहनलाल लोहमरोड़ सहित अनेक अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के पश्चात रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन हुआ। ?जिसमें प्रसिद्ध गायक कलाकार सुनीता स्वामी, राजकुमार स्वामी और राजेश चौधरी ने अपनी मधुर आवाजों से समां बांध दिया। कार्यक्रम में हास्य कलाकार कॉमेडियन अनिया, मनिया, ओमिया आदि ने अपनी कॉमेडी से उपस्थित अतिथियों को लोटपोट कर दिया। होटल प्रबंधन के मुन्नीराम मण्डा ने बताया कि द रॉयल ट्रीट में ग्राहकों को बेहतरीन स्वाद के साथ-साथ उच्च स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर क्षेत्र के कई स्थानीय लोग और प्रबुद्ध जन मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कवि हरिराम गोपालपुरा ने किया।

# मंडावा में घुमंतू परिवारों को मिल रही पहचान

### तहसीलदार की पहल से जारी हुए जन्म प्रमाण पत्र

रघुवीर जोशी

**मंडावा ( नवयत्न )।** मंडावा तहसील में पदस्थापित तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर द्वारा घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के परिवारों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। गौरतलब है कि दस्तावेजों के अभाव में वंचित रह रहे परिवारों के प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जा रहा है, जिससे वे सरकारी योजनाओं, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें। तहसील प्रशासन के अनुसार, जैसे ही किसी ऐसे परिवार की जानकारी मिलती है, जिनके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, संबंधित प्रकरणों को नियमानुसार प्रक्रिया में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। आवेदन की औपचारिकताएं पूर्ण करवाने के बाद पात्र व्यक्तियों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा जारी की जा रही है। इसी क्रम में मेहरादासी ग्राम पंचायत क्षेत्र के एक बाँवरिया परिवार के तीन सदस्यों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा प्रदान की गई।

दस्तावेजों के अभाव में ये परिवार विभिन्न सरकारी सुविधाओं एवं बच्चों की शिक्षा से वंचित थे। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अब उन्हें योजनाओं का लाभ लेने और बच्चों के विद्यालय प्रवेश में सुविधा मिलने की संभावना है। गौरतलब है कि घुमंतू एवं अर्धघुमंतु समुदाय के कई परिवार वर्षों से पहचान संबंधी दस्तावेजों से वंचित रहे हैं, जिसके कारण उन्हें शैक्षणिक एवं सामाजिक सुविधाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तहसील स्तर पर की जा रही यह पहल ऐसे परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक प्रयास के रूप में देखी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस पहल को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी पात्र परिवारों के प्रकरणों को नियमानुसार प्राथमिकता से निस्तारित किया जाता रहेगा।



## ई-रिक्शा बैटरी चोर गिरोह का पर्दाफाश

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** एयरपोर्ट थाना पुलिस ने ई-रिक्शा से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो बैटरियां भी बरामद की हैं। पुलिस उपायुक्त संजीव नैन ने बताया कि 22 फरवरी 2026 को एयरपोर्ट क्षेत्र में पुलिस वाहन पार्किंग के पास खड़े ई-रिक्शा से बैटरी चोरी होने की सूचना मिली थी। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। सूचना तंत्र और मुखबिर की मदद से पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों चैनसिंह उर्फ अभिषेक उर्फ सोनू और बंटी मीणा निवासी जयपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की दो ई-रिक्शा बैटरियां बरामद की हैं। दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और उनसे अन्य वारदातों के संबंध में भी जानकारी जुटाई जा रही है। कार्रवाई में पुलिस टीम के कांस्टेबल ओमप्रकाश की विशेष भूमिका रही।

## जोलो लेबल पिंक वुमनिया कार रैली में होगा महिला सशक्तिकरण और रोमांच का संगम

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महिलाओं में आत्मविश्वास, साहस और ड्राइविंग कौशल को प्रोत्साहित करने एवं महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से पिंकसिटी में जोलो लेबल पिंक वुमनिया फन कार रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रोमांचक रैली में शहर की करीब 500 महिलाएं भाग लेंगी और उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। गुलाबी नगरी की एलीट महिलाओं के ग्रुप पिंक वुमनिया क्लब की ओर से यह कार रैली 1 मार्च 2026 को सुबह 7 बजे मानसरोवर स्थित सिटी पार्क से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल बिरला ऑडिटोरियम पहुंचकर संपन्न होगी। मंगलवार को सी-स्कीम स्थित जय क्लब में कार रैली की ट्रॉफी और पोस्टर का विमोचन पिंक वुमनिया क्लब की फाउंडर कनु मेहता, डायरेक्टर संकुल मेहता, जोलो लेबल के फाउंडर रघुनंदन रावत, नारायणा हॉस्पिटल से बलविंदर सिंह वालिया, जस्ट हेल्थ एंड वैलनेस से हिम्मत सिंह, प्रियंका हॉस्पिटल से डॉ. आशा शर्मा, सिजलिंग सैलून से डॉ. प्रिया, बब्बर हैंडीक्राफ्ट से महेश बब्बर, आईना मेकओवर से आईना, शुभ वेडिंग से राजन कायस्थ, लॉयंस क्लब से बसंत जिलेवा, जय क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. हरिओम बंब व सेक्रेट्री संजय भंसाली ने किया। पिंक वुमनिया क्लब की फाउंडर कनु मेहता ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी जोलो लेबल पिंक वुमनिया कार रैली के प्रति महिलाओं में अपार उत्साह है। इसमें शामिल होने के लिए 100 से अधिक कारों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और रैली में करीब 500 महिलाएं शामिल होंगी। रैली में प्रतिभागियों को निर्धारित मार्ग का पालन करते हुए विभिन्न टास्क और एक्टिविटी पूरी करनी होंगी। यह आयोजन केवल प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि डांस, म्यूजिक सहित मनोरंजन और उत्तम महिला स्वास्थ्य के सामाजिक संदेशों को भी बढ़ावा देगा। भारतीय पर्यटन व संस्कृति को प्रोत्साहित करते हुए निकाली जाने वाली इस रैली में इनक्रेडिबल इंडिया भी सहयोगी है। पिंक वुमनिया क्लब के डायरेक्टर संकुल मेहता के अनुसार रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। ग्लोबल हेल्थ एंड वैलनेस फेस्टिवल पहुंचने पर रैली में भाग लेने वाली प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारए ट्रॉफी, मोमेंटो एवं उपहार प्रदान किए जाएंगे। इस अवसर पर फुलों की होली, ग्रुप डांस सरीखी कई एंटरटेनमेंट एक्टिविटीज भी होंगी। आयोजन स्थल पर सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए हैं।

## नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में 304 मरीज लाभान्वित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर रोड, सीकर स्थित प्रिंस हॉस्पिटल द्वारा गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने एवं स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दूधवा ग्राम में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में दूधवा, उदयपुरा, मोहनपुरा, रामपुरा, भवानीपुरा बासडी कलां आदि समीपवर्ती क्षेत्रों के लोगों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर नि:शुल्क चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाया। कैम्प में स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट तथा डेंटल सर्जन की बड़ी विशेषज्ञ टीम द्वारा 304 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार एवं नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई।

शिविर में पूर्व सरपंच रामेश्वर जाखड़, भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष बहादुर सिंह, भामाशाह परशुराम शर्मा, रिटायर्ड सूबेदार रघुवीर सिंह, ओमप्रकाश अग्रवाल, महावीर सिंह, धर्मचंद जैन, सत्यनारायण राणा, समदर सिंह, रघुनाथ शर्मा, सुनील जैन, अमर सिंह, मनोज मोदी सहित अनेक गणमान्यजन शरीक हुए।

## चैन्नई के रंग रसिया, गजानन्द मोदी के पचरंग फागण फुहार कार्यक्रम ने बिखेरे संस्कृति के रंग

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला मुख्यालय के मोदी रोड़ स्थित गाडिया टाऊन हॉल में सोमवार रात्रि को झुंझुनू वासी एवं चैन्नई प्रवासी गजानन्द मोदी के सौजन्य से नगर कला मंच द्वारा आयोजित पचरंग फागण फुहार कार्यक्रम में ओमी राजस्थानी ग्रुप के कलाकारों ने होली के लोक गीतों एवं राजस्थानी नृत्य की मन मोहक प्रस्तुतियां दी। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद नरेन्द्र खीचड़, पवन कुमार गाडिया, नवल खण्डेलिया, सुभाष क्यामसरिया, अजीत राणासरिया, शिवचरण हलवाई, प्रमोद खण्डेलिया, अशोक नीटू केडिया, रवि गुप्ता, संदीप गोयल, प्रमोद टीबड़ा, प्रकाश ढेढ़िया, राकेश बंटी टीबड़ा, अनुराग विक्की टीबड़ा, देवकीनन्दन वर्मा, राकेश केडिया, रमेश गाडिया, कमल केजड़ीवाल, मातादीन टीबड़ा, शशिकान्त पंसारी, रमाकान्त जांगिड़ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



# छात्रसंघ चुनाव बहाली को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया एनएसयूआई ने मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव बहाली, भर्ती घोटालों की जांच और लंबित छात्रवृत्तियां जारी करने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर शर्ट उतारकर अर्धनग्न प्रदर्शन किया और सरकार का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की।

प्रदर्शन के दौरान विश्वविद्यालय परिसर के बाहर पुलिस का अतिरिक्त बंदोबस्त किया गया और छात्रों को कैंपस से बाहर नहीं जाने दिया गया।

पूर्व शोध छात्रसंघ प्रतिनिधि डॉ. राम सिंह सामोता ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में वर्षों से ष्विमर्श शुल्क के नाम पर राशि वसूली जा रही है, जिसका लाभ छात्रों को नहीं मिला। उन्होंने यह वसूली बंद करने और अब तक वसूले गए करीब 223 करोड़ रुपये छात्रों को लौटाने की मांग की। एनएसयूआई ने छात्रसंघ चुनाव बहाल करने, भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता, लंबित छात्रवृत्तियां जारी करने और विभिन्न आयोगों के पुनर्गठन जैसी मांगें भी उठाईं। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190